
दैनिक
उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
RNI NO: UPHIN/2022/82892

# लखनऊ सुपरफास्ट खबरें

सबसे तेज, सबसे पहले

वर्ष-04 अंक-162 लखनऊ, शनिवार, 07 फरवरी, 2026 पृष्ठ- 8 मूल्यः 2 रुपया
www.lucknowsuperfastkhabre.com





सेंसेक्स 266 अंक चढ़कर 83,580 के स्तर पर बंद



चांदी दो दिन में 38 हजार सस्ती कीमत 2.44 लाख/किलो



लोन-रिकवरी एजेंट अब ग्राहकों को परेशान नहीं कर सकेंगे

(परीक्षा पे चर्चा) मुख्यमंत्री योगी बोले

## मोदी के शब्दों में हर चुनौती का सामना करने की प्रेरणा



**लखनऊ, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में सकारात्मक दृष्टि, लक्ष्य की स्पष्टता और हर चुनौती का मुस्कुराकर सामना करने की प्रेरणा समाहित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, परीक्षा आत्मविश्वास, अनुशासन और धैर्य की कसौटी होती है। ऐसे क्षणों में सही मार्गदर्शन विद्यार्थियों के मन से भय हटाकर उनमें विश्वास और ऊर्जा भर देता है। इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से छात्रों से आत्मीय संवाद किया। सीएम योगी ने आगे लिखा, प्रधानमंत्री ने छात्रों को यह संदेश दिया कि तनाव नहीं, संतुलन को अपनाइए। प्रतिस्पर्धा नहीं, आत्म-विकास पर ध्यान दीजिए और परिणाम नहीं, निरंतर प्रयास पर भरोसा रखिए। उनके शब्दों में सकारात्मक दृष्टि, लक्ष्य की स्पष्टता और हर चुनौती का मुस्कुराकर सामना करने की प्रेरणा समाहित है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, यह संवाद केवल परीक्षा कक्ष तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में स्थिर रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने सामर्थ्य पर विश्वास बनाए रखने का संदेश देता है। निश्चय ही यह पहल करोड़ों विद्यार्थियों के मन में नई दिशा, नई ऊर्जा और नए विश्वास का संचार करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी आभार व्यक्त किया और सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य, आत्मविश्वासपूर्ण प्रयास और सफलता से भरे पथ की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का पहला एपिसोड शुक्रवार को जारी हुआ। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने आपका स्टाइल-आपकी गति से लेकर लक्ष्य के साथ तैयारी, कम प्रेशर-ज्यादा सीखना, शोर के बीच टिके रहना और बड़े सपने-बड़े काम तक अलग-अलग विषयों पर छात्रों से संवाद किया। इसी बीच, उन्होंने छात्रों के कई सवालों के भी जवाब दिए। पीएम मोदी ने मार्क्स, गेम्स और हंसी के बीच बैलेंस पर भी छात्रों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस कार्यक्रम के पहले एपिसोड में पीएम मोदी के सामने गीत और कविता से लेकर बांसुरी बजाने तक छात्रों ने भी कई एक्टिविटी कीं।

### संत समाज है भारत की आत्मा: मुख्यमंत्री

**लखनऊ, संवाददाता।** स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज की श्री विग्रह मूर्ति के स्थापना समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश में भारत की विरासत को कोसा जाता था और रामभक्तों पर गोलियां चलाई जाती थीं। उन्होंने कहा कि उस दौर में अपमान रामभक्तों का नहीं, बल्कि भारत की सनातन विरासत और उसके आध्यात्मिक मूल्यों का होता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विरासत और आस्था के प्रति उपेक्षा का ही परिणाम था कि उत्तर प्रदेश लूट और अराजकता का अड्डा बन गया था। उन्होंने कहा कि उस समय न बेटियां सुरक्षित थीं और न ही व्यापारी वर्ग सुरक्षित महसूस करता था। कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमराई हुई थी, जिससे आम नागरिक भय के माहौल में जीने को मजबूर था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। अब सनातन विरासत का सम्मान हो रहा है, आध्यात्मिक मूल्यों को संरक्षण मिल रहा है और सख्त कानून-व्यवस्था के चलते अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में बेटियां भी सुरक्षित हैं और व्यापारी भी निर्भय होकर अपने व्यापारिक कार्य कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज के योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि संत समाज भारत की आत्मा है और आध्यात्मिक परंपराएं राष्ट्र को दिशा देती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संतों के विचार और संदेश समाज में नैतिकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत करते हैं।

## दिल्ली-सड़क पर खुदे गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत

जल बोर्ड ने खोदा था गड्ढा, 3 इंजीनियर सस्पेंड, परिजन बोले- पुलिस ने मदद नहीं की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गए 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है, जो एक प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था। सुबह करीब 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक गड्ढा डीजेबी ने कंस्ट्रक्शन के लिए खोदा था और सड़क कुछ दिनों से बंद थी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तीन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। साथ ही प्रोजेक्ट कंपनी पर कार्रवाई होगी और डीजेबी पीड़ित परिवार को मुआवजा देगा। मृतक के जुड़वां भाई करण ने बताया- हम तीन भाई हैं और हम दोनों जुड़वां हैं। हम कल रात से उसे ढूंढ रहे थे, अलग-अलग इलाकों में घूम रहे थे। हम 7-8 पुलिस स्टेशन गए, लेकिन किसी ने हमारी मदद नहीं की और शिकायत भी दर्ज नहीं की। सुबह मैंने उसको फोन किया तो पुलिस ने फोन उठाकर हमें बताया कि वह मरा हुआ मिला है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने कमल की बॉडी और मोटरसाइकिल को गड्ढे में पड़ा देखा। कमल के दोस्त मयंक ने कहा कि कमल से आखिरी बात रात 11.30 बजे हुई थी।

नेपाल बॉर्डर के पास बड़ा हादसा

## बरातियों से भरी बस गहरी खाई में गिरी, 13 लोगों की मौत



**पिथौरागढ़, एजेंसी।** भारतीय सीमा से लगे नेपाल बैतडी में बैतडी से बजांग जा रही बरात की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 13 बरातियों की मौत हो गई, जबकि 34 घायल हो गए। इनमें से कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गुरुवार की रात्रि बैतडी के पुरचुंणी नगरपालिका सात भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही बस पुरचूंणी के बड़गांव मोड से अनियंत्रित होकर 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। जिला प्रहरी कार्यालय बैतडी के प्रहरी प्रवक्ता प्रहरी निरिक्षक बलदेव बडू ने बताया कि रात्रि के समय नेपाल एपीएफ, प्रहरी एवं स्थानीय जनता द्वारा यात्रियों का रेस्क्यू किया गया। दुर्घटना में मरने वालों में बजांग बित्थड चीर गांव पालिका निवासी केशव राज जोशी (40) अशोक राज जोशी 13, बसंत राज जोशी (35), बिष्णु दत्त जोशी (41), नरेश राज जोशी (42), बिशन दत्त जोशी (17) दीपक जोशी (28), किशन जोशी (46), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी मोहन देव भट्ट (60) केशव भट्ट (27), बजांग जय पृथ्वी नगरपालिका निवासी बसंत राज रतला (40), बैतडी पुरचूंणी नगरपालिका निवासी पुष्पा अवस्थी (40), बैतडी पुरचूंणी नगरपालिका निवासी सुशील जोशी शामिल हैं। जिला प्रहरी कार्यालय बैतडी के प्रहरी प्रवक्ता प्रहरी निरिक्षक बलदेव बडू ने बताया कि बस दुर्घटना में छह बरातियों की घटना स्थल में ही मौत हो गई।

परीक्षा पे चर्चा-पीएम ने बच्चों को असम के गमछे पहनाए

## एक साल में हर विदेशी चीज स्वदेशी से बदलें: मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा के 9वें एडिशन में देशभर से आए बच्चों से मुलाकात की। दिल्ली स्थित पीएम आवास पर मोदी ने पहले बच्चों को असम के गमछे पहनाए और फिर उनके सवालों के जवाब दिए। पहले एपिसोड में मोदी ने बच्चों को विदेशी चीजें छोड़कर स्वदेशी चीजें अपनाने की सलाह दी। साथ ही, बच्चों से कहा कि वो 25 साल में विकसित भारत बनाने को अपना सपना बनाएं। पीएम बोले- जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तब आप लोग 39-40 साल के होंगे। आपको अभी से विकसित भारत को अपना सपना बनाना चाहिए। भगत सिंह आजादी का सपना दिल में रखकर फांसी पर झूल गए। जो आजादी से 25 साल पहले, 30 साल पहले बलिदान किए गए, उसी से आजादी मिली। अपना सपना बनाएं कि विकसित भारत के लिए मुझे क्या करना है। स्टूडेंट ने सवाल किया कि प्रेजेंटेशन देते समय मैं घबरा जाता हूं। इस डर को कैसे भगाऊं? पीएम ने कहा- कभी देखा है कि फुटपाथ पर कोई गरीब महिला भी जब टीवी पर किसी घटना के बारे में बताती है तो कितने आत्मविश्वास से बात करती है। क्या उसने इंटरव्यू की कोई प्रैक्टिस की है नहीं। उसका आत्मविश्वास आता है सच्चाई है। उसे पता है कि उसने जो देखा वही कहना है। आप भी अपने किए हुए पर भरोसा रखें तो प्रेजेंटेशन का डर भाग जाएगा। गोवा के श्रीजीत गाडगिल ने सवाल किया, मेरा गेमिंग में बहुत इंटरेस्ट है। मगर पेरेंट्स नहीं समझते। मैं क्या करूं। पीएम ने जवाब दिया- भारत देश कहानियों से भरा हुआ है। आप खुद के गेम बनाओ। पंचतंत्र की कहानियों पर गेम बनाओ। अभिमन्यु की कहानी पर गेम बनाओ और अपनी वेबसाइट बनाकर उसपर लॉन्च करो।

### 'परीक्षा पे चर्चा' की शुरुआत साल 2018 में हुई

परीक्षा पे चर्चा छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को परीक्षाओं, तनाव प्रबंधन और जीवन कौशल पर चर्चा करने वाला मंच है। शिक्षा मंत्रालय ने पहले एक ऑफिशियल बयान में कहा था कि पिछले कुछ सालों में यह पहल एक जन आंदोलन बन गई है, जो स्टूडेंट्स को आत्मविश्वास, पॉजिटिविटी और एक कंस्ट्रक्टिव सोच के साथ एग्जाम देने के लिए प्रोत्साहित करती है। 'परीक्षा पे चर्चा' की शुरुआत साल 2018 में हुई थी। इसका मकसद बोर्ड परीक्षाओं से पहले छात्रों के तनाव को कम करना, उन्हें मोटिवेशन देना और परीक्षा को फेस्टिवल की तरह लेने का संदेश देना था। पहला एडिशन 16 फरवरी 2018 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुआ था।

## मणिपुर में नए डिप्टी सीएम के विरोध में हिंसा भड़की

प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को बैरक में धकेलने की कोशिश की, टायर जलाए



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में गुरुवार शाम हिंसा भड़क गई। नए उपमुख्यमंत्रियों नेम्चा किपेन और लोसी दिखो के शपथ ग्रहण के खिलाफ प्रदर्शन हिंसक हो गया। जिले के तुइबोंग मेन मार्केट इलाके में सैकड़ों युवा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को वापस उनकी बैरक में धकेलने की कोशिश की। जब सुरक्षाबलों ने बात मानने से इनकार कर दिया तो पथराबाजी शुरू हो गई। कुछ लोगों ने सड़क के बीच में टायर जला दिए। आदिवासी संगठन जॉइंट फोरम ऑफ सेवन ने कुकी-बहुल चुराचांदपुर में शुक्रवार सुबह 6 से 12 घंटे का बंद बुलाया है। वहीं, कुछ संगठनों ने नेम्चा किपेन को मारने वाले को 20 लाख और विधायकों एलएम खाउते, एन सेनाते को मारने वाले को 10-10 लाख इनाम देने का ऐलान किया है। कुकी वीमेंस ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन ने मणिपुर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कुकी समुदाय के कुछ विधायकों ने सरकार को समर्थन दिया है जिसका संगठन विरोध कर रहा है। नई सरकार में नेम्चा किपेन के डिप्टी सीएम बनने पर कुकी समुदाय बंट गया है। एक संगठन ने विश्वासघात व मैतेई से गठबंधन का आरोप लगाकर सरकार में शामिल तीनों कुकी विधायकों के सामाजिक बहिष्कार की घोषणा की है। जिसमें नेम्चा ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है और अन्य दो, एलएम खाउते और नगुर्सगलुर, जल्द ही शपथ लेने वाले हैं। इसका पता चलने के बाद प्रदर्शनकारियों में गुस्सा और भड़क गया। सूत्रों के मुताबिक, हिंसा में कुकी जो-मी लोगों को बहुत नुकसान हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

## 30 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति प्रजनन स्वायत्तता को दी प्राथमिकता



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला को, और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को, उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उवल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका मन नहीं हो कि वह बच्चे को जन्म दे और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है जो उसकी मर्जी के बिना है। अदालत ने कहा, अदालत किसी भी महिला को, नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है।

## पंजाब में आप नेता की 6 गोलियां मारकर हत्या

जालंधर में गुरुद्वारे के बाहर हमला, गैंगस्टर फोलड़ीवाल ने जिम्मेदारी ली



**जालंधर, एजेंसी।** पंजाब के सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सतिंदर पाल सिंह जोगी उर्फ लक्की ओबरॉय की 6 फरवरी की सुबह जालंधर में सरेआम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वे 43 साल के थे। स्कूटी पर आए दो युवकों ने उन्हें 6 गोलियां मारीं। इनमें से 5 गोलियां ओबरॉय के सीने और एक सिर में लगी। लक्की ओबरॉय जालंधर के पॉश एरिया, मॉडल टाउन इलाके में गुरुद्वारे में माथा टेकने आए थे। जैसे ही वे गुरुद्वारे से निकलकर अपनी थार गाड़ी में बैठने लगे तो एक बदमाश ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां चलते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें शूटर दोनों हाथ में पिस्टल लेकर फायरिंग करता हुआ दिख रहा है। ओबरॉय का परिवार उन्हें गंभीर हालत में मॉडल टाउन के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां डॉक्टरों के मृत घोषित कर देने पर परिवार को भरोसा नहीं हुआ और ओबरॉय को श्रीराम अस्पताल ले जाया गया। हालांकि वहां भी उन्हें मृत बताया गया। ओबरॉय आम आदमी पार्टी से जालंधर कैंट में वार्ड-35 के हलका इंचार्ज थे। उनका 11 दिन पहले ही बर्थडे था। गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने ओबरॉय के मर्डर की जिम्मेदारी ली।

उसने सोशल मीडिया पर लिखा- यह हमारे भाइयों को नुकसान पहुंचा रहा था। उसका जवाब आज हमने दे दिया है। खालसा कॉलेज की प्रधानगी को लेकर यह सब कुछ हुआ है। कत्ल के बाद डीजीपी गौरव यादव जालंधर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस केस को एक प्रोफेशनल तरीके से सॉल्व किया जाएगा।

## नारेबाजी के बाद लोकसभा सोमवार तक स्थगित

केंद्रीय मंत्री बिट्टू बोले- राहुल पीएम की पाठशाला जाएं तो कामयाब होंगे, राहुल ने उन्हें गद्दार कहा था



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद में शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा और नारेबाजी हुई। पहली बार 3 मिनट और दूसरी बार 7 मिनट तक ही कार्यवाही चल सकी। इसके बाद लोकसभा 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा को भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा- उन्हें कल सबने बालक कहा। आज पीएम की पाठशाला थी, जिसमें बच्चों को कामयाब होना बताया गया। अगर राहुल भी पीएम की पाठशाला में चले जाएं तो जिंदगी में कामयाब हो जाएंगे। गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास कर दिया गया। लोकसभा में 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। वहीं राज्यसभा में पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद प्रस्ताव पास हुआ था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, हम जब 2014 में सरकार में आए तब पारदर्शिता है। लेकिन इस देश के बच्चों को ये नहीं पता कि इस देश में आज जो भी समस्याएं हैं वो नेहरू, गांधी परिवार की देन हैं। जो नेहरू गांधी परिवार ने किया है उसे जानने का अधिकार लोगों को है। इसलिए मैं लाइब्रेरी बनाऊंगा। मैंने देशभर के लोगों से आग्रह किया है कि आपके पास जो किताबें हैं उनकी जानकारी दीजिए, हम वो सब किताबें खरीदेंगे और सब जनता को बताएंगे। वो वन रिसर्च सेंटर होगा। स्पीकर ओम बिरला के सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पीएम मोदी से लोकसभा में भाषण न देने के लिए कहने पर, कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा- हम विश्वगुरु हैं। हमारे प्रधानमंत्री 56 इंच सीने वाले नेता हैं और पाकिस्तानियों का उनके घर में भी सामना कर सकते हैं। वे ऐसा ड्रामा क्यों कर रहे हैं और ऐसा झूठ क्यों फैला रहे हैं? लोकसभा वह जगह है जहां से उन्हें चुना गया है। वह उसके सदस्यों में से एक हैं।

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, 3 नक्सली ढेर

गढ़चिरौली में शहीद जवान को गार्ड ऑफ ऑनर, परिजनों ने दी अंतिम विदाई

**जगदलपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हुए। वहीं महाराष्ट्र का एक जवान शहीद हो गया, 1 अन्य जवान घायल है। 6 फरवरी की सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों ओर से हुई गोलीबारी में महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज ने 3 नक्सलियों को मार गिराया। इस दौरान नक्सलियों की ओर से फायरिंग में गोली कॉन्स्टेबल दीपक चिन्ना मदावी (38 साल) को जा लगी। उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर भामरागड़ के अस्पताल लाया गया। जहां ऑपरेशन के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मामला महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ तहसील क्षेत्र का है। शहीद जवान दीपक को गार्ड ऑफ ऑनर देकर शव गृहग्राम रवाना किया गया है। इस मुठभेड़ में एक और जवान किष्ट्यापल्ली के रहने वाले जोगा मदवी को भी रात में एक गोली लगी थी। उन्हें भी एयरलिफ्ट करके भामरागड़ लाया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर है। मुठभेड़ इलाके से तीन माओवादियों के शव (2 पुरुष और एक महिला) बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही एके-47 और एक एसएलआर राइफल बरामद की गई है। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। मुठभेड़ की पुष्टि महाराष्ट्र पुलिस ने की है। इलाके में ऑपरेशन और तलाशी अभियान जारी है। एक दिन पहले 5 फरवरी को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सली कमांडर उधम सिंह का एनकाउंटर किया था। उधम सिंह 2021 में हुए टेकुलगुड़ेम एनकाउंटर में शामिल था। जहां नक्सली हमले में 22 जवान शहीद हुए थे। डीवीसीएम उधम सिंह प्लाटून नंबर 30 का कमांडर था और वह जगरगुंडा एरिया कमेटी का कमांडर था।

## रेलवे यात्री सेवाओं पर दे रही है 60000 करोड़ की सब्सिडी: वैष्णव

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रेल इस समय यात्री सेवाओं पर 45 प्रतिशत की दर से करीब 60000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देती है और देश में रेलवे यात्री किराया बेहतर सुविधाओं के बावजूद विकसित देशों से ही नहीं, बल्कि पड़ोसी देशों से भी कम है। रेल मंत्री राज्य सभा में रेल मंत्रालय से जुड़े सवालों पर सदस्यों के अनुपूरक सवालों का जवाब दे रहे थे। उनसे एक अनुपूरक प्रश्न में पूछा गया था कि क्या रेलवे को इस समय परिचालन में जो बचत हो रही है वह वरिष्ठ नागरिकों को किराये में रियायत खत्म करने से है और क्या सरकार इस बचत के बाद वरिष्ठ नागरिकों को किराये में छूट को बहाल करने का विचार कर रही है।

## हिमाचल प्रदेश के 14 जिलों में तापमान 5 डिग्री से नीचे

यूपी और एमपी में घना कोहरा, तीन दिन बाद पहाड़ों पर बर्फबारी के आसार



**जयपुर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के 14 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस या इससे नीचे रिकॉर्ड किया गया है। मैदानी इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा और मंडी के निचले इलाकों में कोहरा रहेगा। वहीं, उत्तर प्रदेश के 11 और मध्य प्रदेश के 30 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। एमपी में बीते 24 घंटे में ग्वालियर समेत 8 शहरों में पारा 10ए से नीचे रहा। उत्तराखंड में भी घने कोहरे की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी राज्यों में 9 फरवरी से बर्फबारी हो सकती है। उत्तराखंड में 3000 मीटर या उससे ज्यादा ऊंचाई वाले कुछ इलाकों में बारिश या बर्फबारी के आसार हैं। हिमाचल प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से 10 और 11 फरवरी को ज्यादातर हिस्सों में अच्छी बारिश-बर्फबारी होगी। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम का असर खत्म होने से मध्य प्रदेश में सर्दी का असर बढ़ा है। उत्तरी हवाओं की वजह से दिन में ठिठुरन बढ़ गई है, जबकि रात का टेम्परेचर भी 10 डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार-गुरुवार की रात ग्वालियर समेत 8 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। वहीं, 30 से ज्यादा जिलों में कहीं हल्का तो कहीं घना कोहरा छाया रहा। बिहार में मौसम सामान्य बना हुआ है। पहाड़ी इलाकों में फिर से बारिश और बर्फबारी की संभावना है, इसका बिहार में असर देखा जा सकता है। फरवरी के दूसरे हफ्ते से तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। पिछले 24 घंटे के दौरान 10.3 डिग्री के साथ सीवान सबसे ठंडा जिला रहा। जबकि मोतिहारी में 10.6 डिग्री, समस्तीपुर में 10.9 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। पटना में न्यूनतम तापमान सबसे अधिक 14 डिग्री रहा। उत्तराखंड में आज दिनभर मौसम साफ रहेगा। हालांकि, सुबह के समय 5 जिलों में कोहरा दिख सकता है।

## प्रधानमंत्री के भाषण में तथ्य नहीं था, विपक्ष के सवालों का जवाब देने की हिम्मत नहीं कर सके: खरगे



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्यसभा में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 97 मिनट के भाषण में कोई तथ्य नहीं था और वह विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों का जवाब देने की हिम्मत भी नहीं जुटा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से संसद नहीं चलाना चाहती। खरगे ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री जी के भाषण पर प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। लेकिन फिर भी जितनी घटिया बात उन्होंने बोली है, उन बातों का मैं जरूर जवाब देना चाहता हूं, क्योंकि झूठी बातों को दोहराना उनका हमेशा से एक काम रहा है। संसद में उनके 97 मिनट के भाषण में, हमारी बातों पर एक भी उत्तर नहीं दिया गया। सिर्फ 100 साल की, 75 साल की, 50 पचास साल की बात करते रहे। कांग्रेस नेता का कहना था कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सरकार में बैठे दूसरे लोग बोल रहे थे कि जनरल एम एम नरवणे की पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन किताब मौजूद है। उन्होंने कहा कि किताब होने के बावजूद सदन में इस बात को नकाराना विशेषाधिकार हनन है। खरगे ने कहा, जो मुद्दे हमने उठाए, आप (मोदी) उसका जवाब दीजिए। वह कहते हैं कि मुझे दो-दो किलो गालियां देते हैं। क्या गालियां तोलते हैं? उन्होंने दावा किया, हमने जो मुद्दे उठाए थे, लोकसभा और राज्यसभा में उसका उत्तर देने की हिम्मत उनमें नहीं थी और उनके पास कोई तथ्य भी नहीं थे। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर सिखों का अपमान करने का आरोप लगाया, जबकि सबको पता है कि कांग्रेस ने दुनिया के एक मशहूर अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह को दो बार प्रधानमंत्री बनाया।

# वाराणसी कमिश्नरेट की पुलिस लाइन में आईपीएस सरवणन टी की सम्मान सेवा विदाई समारोह संपन्न

## पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल सरवणन टी के कार्यों को सराहा






**माता प्रसाद शुक्ल जिला संवाददाता अमेठी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी में आज एक गरिमामय और भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मोहित अग्रवाल, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा सरवणन टी, पुलिस उपायुक्त अपराध/अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन के स्थानांतरण के अवसर पर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। रिज़र्व पुलिस लाइन में आयोजित इस समारोह में पुलिस आयुक्त ने सरवणन टी के उत्कृष्ट सेवाकाल, अनुशासनप्रिय कार्यशैली और अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरवणन टी ने अपने कार्यकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया, जो कमिश्नरेट के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर सरवणन टी को स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। विदाई समारोह में शिवहरी मीणा - अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय,गौरव बंसवाल - पुलिस उपायुक्त काशी जोन,प्रमोद कुमार - पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन ,आकाश पटेल - पुलिस उपायुक्त गोमती जोन सहित कमिश्नरेट के अन्य राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह ने सेवा, समर्पण और अनुशासन की उस परंपरा को रेखांकित किया, जिस पर वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट गर्व करता है।

# दलित युवक को सरेराह पीटने का आरोप, एसपी से शिकायत

## रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र का मामला, शिकायत के बाद भी थाने में नहीं दर्ज हुआ केस



**लखनऊ सुपरफास्ट रामपुर मथुरा, सीतापुर।** दलित युवक के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग हुआ। विरोध करने पर सरेराह दौड़ा दौड़ा कर पीटने का भी आरोप है। पीड़ित पक्ष का दावा है कि घटना के बाद थाने में शिकायत देने के बावजूद अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। उल्टे सुलह का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे वह दहशत में है और अपनी दुकान तक नहीं खोल पा रहा। सूत्रों की माने तो आरोपियों को सियासी वरदहस्त हासिल है। लिहाजा पुलिस भी कर्रवाई करने से कतरा रही है। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कितूरी निवासी राकेश कुमार पुत्र रामशरन ने बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि बैंक से जुड़े एक निजी कर्मचारी द्वारा उनसे रुपये की मांग की गई। मांग पूरी न होने पर ऋण आवेदन निरस्त कर दिया गया। इस मामले की शिकायत राकेश कुमार ने जिलाधिकारी से की थी। पीड़ित के मुताबिक इसी शिकायत को लेकर बैंक में निजी रूप से कार्यरत सानू से कहासुनी हो गई। आरोप है कि बीती 29 जनवरी की शाम सानू के भाई प्रमोद ने राकेश कुमार को दुकान बंद कर घर जाते समय रास्ते में रोक लिया। इस दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दी गईं और लात-घूंसों से मारपीट की गई। दावा है कि उन्होंने वारदात को लेकर थाना में शिकायत दी, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। दो दिन बाद चौकी भगौतीपुर बुलाकर सुलह का दबाव बनाया गया। सुलह से इंकार करने पर विपक्षियों द्वारा लगातार धमकियां दी जा रही हैं। इसको लेकर पीड़ित ने एसपी से भी शिकायत की है। थानाध्यक्ष संजय पांडे का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# डॉ ऋचा मिश्रा के पदभार ग्रहण करते ही हिंद अस्पताल की व्यवस्थाओं में दिखा सुधार



**लखनऊ सुपरफास्ट अटरिया सीतापुर।** हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में चेयरपर्सन डॉ ऋचा मिश्रा के पदभार ग्रहण करते ही अस्पताल की व्यवस्थाओं में दिखा सुधार। बताते चलें कि हिंद अस्पताल पिछले कई महिनों से अपनी व्यवस्थाओं पर आशू बहा रहा था मरीजों को अपना इलाज करवाने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उधर हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में डाक्टर ऋचा मिश्रा चेयरपर्सन का पदभार संभालते ही अस्पताल की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण करते हुए ओपीडी वार्ड मेडिसिन वार्ड फार्मेसी सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

उनके आने से अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार दिखने लगा वहीं उन्होंने हिंद आते ही जनपद वासियों को एक बड़ी सौगात दी है कैंसर जैसी गंभीर बिमारी की ओपीडी गुरुवार से शुरू कर दिया।हिंद के मीटिंग हाल में चेयरपर्सन ने कैंसर स्पेशलिस्ट चिकित्सक व अन्य बिमारियों डॉक्टरों के साथ संगोष्ठी करते हुए कहा कि मरीजों को सभी प्रकार की बीमारियों में बेहतर इलाज करने के कड़े निर्देश दिए और कहा कि अगले वर्ष से हिंद अस्पताल में जिले का एकमात्र अलग कैंसर अस्पताल बनेगा। और मरीजों को अब लखनऊ दिल्ली जाने की जरूरत नहीं होगी उनको शहरों के अस्पताल जैसी सभी बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध होगी।

# अर्का धाम मैसूर के मंहतपरम पूज्य योगी श्रीनिवास अर्क ने वाराणसी कैंटोनमेंट स्थित होटल में किये प्रेस वार्ता



**संवादाता- मांतेश्वरी (सिंह) जिला वाराणसी से ख़ास खबरें।** आज दिनांक 06.02.2026 को अर्का धाम मैसूर के महन्त परम पूज्य योगी श्रीनिवास अर्क जी ने वाराणसी के कैन्टोमेन्ट स्थित होटल स्क्वायर इन में मीडिया बन्धूओं के साथ प्रेस वार्ता करके अर्का धाम संस्थान द्वारा वाराणसी के पास चुनार के जनजाति क्षेत्र में संस्थान द्वारा जनजातियों के उत्थान के लिए प्रारम्भ किये जाने वाले भावी कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विस्तार से प्रकाश डाला। इसी क्रम में परम पूज्य योगी जी द्वारा आगामी 07 मार्च 2026 को वाराणसी के कमिश्नरेट सभागार में आयोजित होने वाले अर्का महोत्सव के सन्दर्भ में बताया गया। इस प्रेस वार्ता में शिवसेना के प्रवक्ता डॉ0 ओम प्रकाश मिश्रा जी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रेसवार्ता में अपने विचार शिवसेना के मण्डल संगठन मंत्री श्री गौरव शुक्ला ने व्यक्त किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शिवसेना के महानगर अध्यक्ष श्री सतीश शर्मा जी द्वारा किया गया।

# कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का जन्मदिन



**रंजीत सिंह/लखनऊ।** महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का जन्म दिवस लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। प्रातः सुजानपुरा आलमबाग स्थित कार्यालय पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारीयों ने पहुंचकर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की। जन्मदिन के अवसर पर 51 किलो बूंदी के लड्डू का केक भी काटा गया।

अपराह्न महानगर अध्यक्ष केसरबाग स्थित कार्यालय पहुंचे जहां बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया और माला और अंग वस्त्र पहनाकर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं व संगठनों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष, पार्षद, मोर्चे के पदाधिकारियों ने अपने लोकप्रिय नेता को जन्मदिन के अवसर पर पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की और लड्डू व मिष्ठान वितरण करके जन्मदिन का जश्न मनाया। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भजन और मंगल गीत गाकर दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि महानगर कार्यालय पर जन्मदिन समारोह के बाद महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हजरतगंज में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन किया और उपस्थित सभी लोगों में हलवे का प्रसाद वितरण किया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा ,विधायक डॉक्टर नीरज बोरा,राजेश्वर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष विजय मौर्य,अंजनी श्रीवास्तव रजनीश गुप्ता सहित वरिष्ठ पदाधिकारी ने भी शुभकामनाएं दी।

# अपराध मुक्त भव्य मुक्त समाज होगा नवागंतुक पुलिस अधीक्षक

➲ अपराध मुक्त जिला होगा सलाखों के पीछे होंगे अपराधी ➲ फरियादियों के लिए हमारे दरवाजे सदैव खुले हैं ➲ शासन की प्राथमिकता के आधार पर होगे काम ➲ महिला संबंधित अपराधों पर विशेष निगरानी होगी ➲ एएसपी ने नवागंतुक पुलिस अधीक्षक का किया भव्य स्वागत



**माता प्रसाद शुक्ल जिला संवाददाता अमेठी।** शुक्रवार को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक श्री सरवणन टी. का जिले में आगमन हुआ। इसके उपरांत उन्होंने विधिवत रूप से पुलिस अधीक्षक के पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के दौरान एएसपी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह एवं समस्त पुलिसअधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने जनपद की कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता बताते हुए अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पारदर्शी व संवेदनशील पुलिसिंग को आगे बढ़ाया जाएगा नवागंतुक पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अमेठी जिला अपराध मुक्त भव्य मुक्त होगा और अपराधी सलाखों के पीछे होंगे जनता के लिए मेरे दरवाजे खुले हैं उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम अपराधों पर विशेष निगरानी होगी जिले के थाना प्रभारी अपनी आदत में सुधार लाएं अगर किसी भी थाने से फरियादी मुख्यालय आए तो वह थाना अध्यक्ष संभल जाएं नहीं तो खैर नहीं होगा।

# मामूली विवाद पर सिरफिरे बेटे ने माँ पर किया ताबड़तोड़ वार हुई दर्दनाक मौत

## ➲ माँ को तड़पता तो छोड़ हुआ फरार, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**ब्यूरो उन्नाव उमेश शुक्ला लखनऊ सुपरफ़ास्ट।** उन्नाव में मामूली विवाद में बेटे ने अपनी ही मां की बेरहमी से हत्या कर दी। मां घर के बाहर बैठी थी, तभी सिरफिरा बेटा बाहर आया और मामूली बात पर गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि उसने पास में पड़ी लोहे की रॉड उठाई और अपनी मां के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे कि महिला लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। वहा मौजूद लोगों को आता देख आरोपी बेटा मां को तड़पता छोड़ मौके से फरार हो गया। वही कुछ ही देर में तड़प-तड़प कर महिला की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने खून से सनी लोहे की रॉड बरामद की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नशे की लत और घरेलू विवाद बना हत्या की वजह प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह वारदात घरेलू विवाद के चलते हुई। पड़ोसियों के अनुसार, राजन शराब का लती था। अक्सर शराब पीकर घा आता था और पत्नी से मारपीट करता था। जिस पर शांति देवी उसका विरोध करती थी।इस बात को लेकर राजन पहले भी कई बार शांति देवी के साथ मारपीट कर चुका था। पड़ोसियों ने बताया- घटना के समय भी राजन नशे में धुत था। उन्होंने बताया कि शांति देवी के पति की कुछ साल पहले ही बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके बाद से वह अपने दोनों बेटों, बड़े बेटे राजेश और छोटे बेटे राजन के साथ रहती थी। दोनों मजदूरी करते हैं। बताया जा रहा है कि मृतका का बड़ा बेटा राजेश घटना के समय गांव से बाहर था। उसे फोन पर घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद वह बदहवास हालत में गांव के लिए रवाना हो गया। आरोपी की तलाश जारी- कोतवाली प्रभारी गंगाघाट अजय सिंह ने बताया घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए हैं। हत्या में इस्तेमाल लोहे की रॉड मौके से बरामद कर ली गई है। परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल अब तक घरेलू विवाद में हत्या की बात सामने आ रही है। आरोपी की तलाश में संभावित जगहों पर दबिश दी जा रही है। जल्द उसकी गिरफ्तारी होगी।

# पहले ही प्रयास में नेट परीक्षा में उत्तीशा सिंह ने हासिल किया 98 परसेंटेज



**लखनऊ सुपरफास्ट अटरिया सीतापुर।** क्षेत्र के अलाईपुर के प्रदीप सिंह की पुत्री उत्तीशा सिंह ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में प्रथम प्रयास में ही 98 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्तीशा की इस उल्लेखनीय सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बताया गया कि उत्तीशा सिंह ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता पर परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली एएमसी सेंटर और कॉलेज लखनऊ कैंट के एएमसी स्टेडियम में प्रारंभ



**रंजीत सिंह/लखनऊ।** रिक्रूटिंग ज़ोन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तत्वावधान में रिक्रूटिंग ऑफिस (मुख्यालय), लखनऊ द्वारा 06 फरवरी 2026 से लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में भर्ती रैली शुरु की गई। भर्ती रैली के पहले दिन सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत आनेवाले उत्तर प्रदेश के 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं पास) श्रेणी के लिए भर्ती रैली हुईं । इस श्रेणी के लिए संबंधित 13 जिलों से कुल 370 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था जिसमें 265 अभ्यर्थियों ने इस भर्ती रैली में हिस्सा लिया। पहले दिन मेजर जनरल मनीष कुमार, जेडआरओ (यूपी और यूके) ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए शुभकामनाएं दीं। 07 फरवरी 2026 को संबंधित 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल (SKT) श्रेणी के लिए भर्ती रैली आयोजित की जायेगी। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस (ARO) लखनऊ के तहत उत्तर प्रदेश के 13 जिलों - औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नग, फतेहपुर और लखनऊ - से लगभग 13,000 अभ्यर्थी इस रैली में भाग लेने के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें और दलालों के झांसे में न आएं या किसी भी गलत तरीके का इस्तेमाल न करें, क्योंकि सेना में सिलेक्शन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी होता है, जिसका मकसद सशस्त्र बलों के लिए सबसे अच्छे और योग्य अभ्यर्थियों का चयन करना है। रैली से संबंधित किसी भी समस्या का सामना करने वाले उम्मीदवार बाद में किसी भी कन्फ्यूजन से बचने के लिए रिक्रूटिंग ऑफिस (हेडक्वार्टर), लखनऊ से संपर्क करें।

# थाना बेला पुलिस द्वारा 01 जिला बदर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार




**औरैया ब्यूरो दिलीप कुमार।** आज दिनांक 06.02.2026 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक औरैया द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देशन में श्रीमान क्षेत्राधिकारी बिधूना के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बेला श्री गंगादास गौतम के नेतृत्व में उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार सिंह मय हमराह द्वारा 01 जिलाबदर अभियुक्त बबलू राठौर पुत्र होरीलाल राठौर निवासी ग्राम तिरको थाना बेला जनपद औरैया उम्र को चैकिंग के दौरान गैली तिराहा के पास से मु0अ0सं0 अ0सं0 23/2026 धारा 3(1)/10 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# तीन दिवसीय खेल वार्षिकोत्सव का भव्य समापन, छात्राओं का रहा दबदबा




**लखनऊ सुपरफास्ट अटरिया सीतापुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, जज़ौर में आयोजित तीन दिवसीय खेल वार्षिकोत्सव का पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सी ओ सिधौली कपूर कुमार ने खेलों को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि खेल वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं रुचि के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट , बॉलीबॉल, बैटमैंटन, रस्सी कसी व इनडोर गेम में सहभागिता की और खेल भावना का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि औसत रूप से छात्राओं ने छात्रों की तुलना में अधिक पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री कपूर कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कॉलेज परिवार के सभी सदस्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दैनिक लखनऊ सुपरफास्ट खबरें
उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
सबसे तेज, सबसे पहले


# जिलाधिकारी ने ग्राम समाज व अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के दृष्टिगत टीम गठित कर जांच करने के दिए निर्देश

**संदीप उपाध्याय दैनिक लखनऊ सुपरफास्ट जिला ब्यूरो चीफ बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की समस्या-गांव में समाधान के तहत विकास खंड मौ0पुर देवमल के ग्राम फरीदपुर मान में अपराह्न 1:00 बजे ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों की समस्याओं का मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में प्राथमिकता के आधार पर स्वच्छ पेयजल मिशन के अंतर्गत पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर शत प्रतिशत घरों में पानी का कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें। विकास कार्यों के सत्यापन के दौरान गांव में दो आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय, सीसी रोड निर्माण आदि के काम मानक के अनुरुप पूर्ण पाए गए। इसी प्रकार वृद्धावस्था दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों द्वारा नियमित रूप से पेंशन मिलना बताया गया। गांव में कुल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 496 राशन कार्ड तथा सात अंत्योदय के लाभार्थी पाए गए, सभी को नियम अनुसार राशन की उपलब्धता होना बताया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कुछ लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि उनके नाम काट दिए गए हैं जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लाभार्थियों की सूची उन्हें उपलब्ध कराई जाए ताकि उसका सक्षम स्तर से मिलान कर काटे गए नाम के कारणों का पता चल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि 70 वर्ष से ज्यादा की आयु वाले प्रत्येक व्यक्ति एवं अंत्योदय कार्ड धारकों के शत प्रतिशत रूप से आयुष्मान कार्ड बनाना सुरक्षित करें तथा गांव में विधवा,



दिव्यांग तथा निराश्रित पेंशन के पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें भी शत-प्रतिशत रूप से शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि आवास एवं शौचालय की मांग करने वाले नए लाभार्थियों की सूची तैयार करें और यथासंभव उनको लाभान्वित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं। ग्राम वासियों द्वारा हैंड पंप में पीला पानी आने पर उन्होंने निर्देशित किया कि तत्काल सभी हैंडपंपों को रिबोर कराएं ताकि ग्राम वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अपने संबोधन में ग्राम वासियों को ओडीएफ, स्वच्छता तथा विकास के मानकों के अनुरुप विकसित होने पर बधाई देते हुए कहा कि गांव को एक मॉडल के रूप में विकसित करने का भी प्रयास करें जो देश प्रदेश में मिसाल कायम करे और तमाम लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बने। उन्होंने ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों द्वारा उठाए गई समस्याओं के संबंध में आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा सभी समस्याओं को नोट किया गया है और सभी समस्याओं का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर शीघ्रता के साथ किया जाएगा। ग्राम वासियों द्वारा ग्राम समाज एवं अन्य सार्वजनिक भूमियों पर अवैध कब्जे की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि उनके द्वारा टीम गठित कर जांच कराई जाएगी तथा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा पाए जाने पर कब्जा मुक्त करते हुए अवैध कब्जाधारी के खिलाफ कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। उनके द्वारा ग्राम वासियों को शासकीय योजनाओं से वंचित ग्रामवासियों को शत प्रतिशत रूप से संतृप्त कराने के लिए विभागीय कैंप आयोजन के लिए भी आश्वस्त किया गया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव का कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं से संतृप्त होने से वंचित न रहने पाए। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम स्थित प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया, जहां सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से प्रश्न भी किए गए जिस पर बच्चों द्वारा सही जवाब दिया गया। अंत में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम में जल जीवन मिशन हर घर जल नमामि गंगे एंव जलापूर्ति विभाग (उत्तर प्रदेश) द्वारा निर्माण अधीन पेयजल टंकी का स्तरीय निरीक्षण किया तथा संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि पूर्ण मानक एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि ग्राम वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मोहम्मदपुर देवमल राजवीर सिंह, नायब तहसीलदार सदर सहित अन्य विभाग अधिकारी एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रतियोगी परीक्षाओं, प्लेसमेंट इंटरव्यू और प्रवेश परीक्षाओं के लिए सामान्य ज्ञान की जानकारी होना जरूरी: अनेश कुमार



**अदलहाट,मिर्जापुर।** ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल गरौड़ी (बड़भुइली) अदलहाट में गुरुवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य अनेश कुमार सिंह ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के बीच ज्ञान का विकास करना है। बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए बच्चों के बीच प्रत्येक माह में हमारे स्कूल पर प्रतियोगिता होता रहता है इससे बच्चों में ज्ञान ,निर्भिक/ प्रोत्साहित होकर पढने की क्षमता बढ़ती है। विद्यालय के डायरेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा 3 से कक्षा 7 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 71 छात्र-छात्रा में से 71 छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा ताकि उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया जा सके प्रतियोगिता में सहयोगी के रूप में जितेंद्र कुमार, ज्योति गिरी, शिल्पा , खुशी, स्वेता, चांदनी , पिंकी, काजल, निराला रहीं।

# हाइवा ने बाइक सवार पीओडी जवान को कुचला, मौत, पत्नी की हालत गंभीर

**वाराणसी।** फूलपुर थाना क्षेत्र में बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार हाइवा ने टक्कर मार दी। हादसे में पति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद आरोपी हाइवा का चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही आरोपी हाइवा को कब्जे में ले लिया है। यह हादसा थाना क्षेत्र के घमहापुर गांव के पास की है। मृतक की पहचान बड़ागांव थाना क्षेत्र के चिउरापुर गांव निवासी दुर्योधन उर्फ खिचड़ू (55) पुत्र दूधनाथ राम के रूप में हुई है। वह चेकगंज थाना में पीआरडी के रूप में तैनात थे। वह गुरुवार की सुबह में करीब 11 बजे अपनी पत्नी आशा देवी को बाइक से बैकुंठपुर छोड़ने जा रहे थे। आशा देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। इसी दौरान घमहापुर गांव के सामने मोड़ पर अहलूवालिया कंस्ट्रक्शन कंपनी की तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर बाइक को टकर मार दी। हादसे में दुर्योधन राम बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और हाइवा उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गई। पीछे बैठीं आशा देवी उछलकर दूर जा गिरीं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में हाइवा को ओवरलोड बताया है। घायल आशा देवी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। बता दें कि दुर्योधन राम का एक बेटा और दो बेटियां हैं। उनकी सबसे छोटी बेटी कुमारी श्वेता की शादी 6 मई 2026 को तय है। अचानक हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## डाकघर में मोबाइल से अचानक निकला धुआं, परिसर में दहशत का माहौल

**वाराणसी।** चोलापुर डाकघर में मौजूद एक कर्मचारी के मोबाइल फोन से अचानक धुआं निकलने लगा। आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। चोलापुर डाक विभाग के कर्मचारी सुशील सिंह अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त थे। इसी दौरान उनकी जेब में रखे मोबाइल फोन से अचानक तेज धुआं निकलने लगा। धुआं निकलता देख सुशील सिंह ने तुरंत मोबाइल को जेब से निकालकर दूर फेंक दिया। आसपास मौजूद लोगों और अन्य कर्मचारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने में मदद की।

## डीसीएलआर से मिले भाजपा नेता नवनीत राय



**चंदौली।** भाजपा नेता नवनीत राय का हमेशा जनता के सुख-दुख में शामिल होना उनकी आदत में शामिल है। इसके लिए युवा भाजपा नेता जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क करने में लगे रहते हैं। जिससे जनमानस को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलता रहे। उनका मानना है कि जनता की समस्या अधिकारियों से ही हल हो पाएगी। इसलिए अधिकारियों के कार्यालय पहुंचाना बहुत जरूरी है। इसी कड़ी में वह बिहार प्रांत के जिला मोहनिया के डीसीएलआर कमला द्विवेदी के कार्यालय पहुंचकर बाबा काशी विश्वनाथ जी का प्रतीकात्मक स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर नवनीत राय ने कहा कि जनता की समस्या और उसका समाधान जिला प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से ही हल होता है। मेरे द्वारा मोहनिया जिला के डीसीएलआर कमला द्विवेदी जी के कार्यालय पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया हूं। साथ में कहा कि क्षेत्र की जनता का हीत के लिए कार्य किया जाना बहुत आवश्यक है। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार का प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सरकार जनता के लिए बहुत कार्य कर रही है। जिससे जनमानस का विकास हो रहा है। जब जनमानस का विकास होगा तो राष्ट्र का विकास सुनिश्चित हो जाता है। इस मौके पर नाखडू राय, अमित सिंह, प्रदीप राय सहित अन्य रहे।

# जिलाधिकारी ने की रेड क्रॉस सोसाइटी की समीक्षा बैठक

**रॉबर्टसगंज, सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से आने वाले संसाधनों का समुचित एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा जो कार्य लंबे समय से निष्क्रिय अथवा बेकार पड़े हैं, उन्हें तत्काल नियमित कर प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है, गरीब, असहाय एवं कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कुष्ठ रोगियों के लिए



चिकित्सा, दवाइयां, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। सोसाइटी की आय-व्यय, उपलब्ध संसाधन, भविष्य की कार्ययोजना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, संबंधित अधिकारी एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# आधार ई-केवाईसी अनिवार्य होने से जमीन की रजिस्ट्री में बढ़ी देरी

**बबराला।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जमीन की रजिस्ट्री प्रक्रिया में बड़ा बदलाव लागू किया है। एक फरवरी 2026 से जमीन की रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड से ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत अब निष्पादकों, पक्षकारों और गवाहों का आधार कार्ड के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य जमीन की खरीद-फरोख्त में होने वाली धोखाधड़ी और जालसाजी पर अंकुश लगाना है। आधार वेरिफिकेशन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि रजिस्ट्री कार्यालय में उपस्थित व्यक्ति वही है, जिसका नाम दस्तावेजों में दर्ज है। नई व्यवस्था में केवल फोटो खींचना या अंगूठे का निशान लेना पर्याप्त नहीं रहेगा। रजिस्ट्री से पहले सभी संबंधित व्यक्तियों की आधार से ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही बैनामा ऑनलाइन प्रक्रिया में सभी पक्षकारों के ओटीपी सत्यापन की भी आवश्यकता पड़ रही है। इस नई प्रक्रिया के चलते बैनामों के पंजीकरण में देरी हो रही है। रजिस्ट्री से पूर्व आधार ई-केवाईसी, ओटीपी सत्यापन और तकनीकी प्रक्रियाओं में समय लगने के कारण बैनामे अटक रहे हैं। इसका असर यह भी पड़ रहा है कि डीड और भारमुक्ति समय से सिस्टम पर अपलोड नहीं हो पा रही हैं। सब रजिस्ट्रार कार्यालय का कहना है कि बैनामा प्रक्रिया में आधार वेरिफिकेशन अब अनिवार्य हो गया है। शुरुआती चरण में तकनीकी कारणों से कुछ देरी हो रही है, लेकिन व्यवस्था के सुचारू होते ही डीड और भारमुक्ति भी जल्द ही चढ़ा दी जाएंगी।

# क्लियरमेडी डीएमएच मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा कैंसर स्कैनिंग पैकेज लॉन्च

**चंदौली।** जीवन शैली में बदलाव के कारण कई लोगों को कई तरह की बीमारियां घेर रही हैं। तनाव खान पान पर ध्यान न देना शराब धूम्रपान के सेवन व अन्य बहुत सारे कारणों के चलते कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। कैंसर की कई नई प्रकार किसी भी उम्र के लोगों को अपने चपेट में ले रही है।

इसमें शरीर के हर हिस्से में होने वाले कैंसर में विधि देखी जा रही है जैसे मुंह एवं गले का कैंसर, लीवर एवं पेट का कैंसर, स्तन कैंसर ,बच्चेदानी का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, फेफड़े का कैंसर, हड्डी का कैंसर आदि। यह उक्त जानकारी क्लियर मेडी डीएम एच मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल महेवा चंदौली द्वारा एक प्रेस नोट जारी कर व्यक्त किया गया है। वहीं आगे यह भी बताया गया है



कि जानकारी के अभाव में अधिकांश मामलों में कैंसर बहुत एडवांस स्टेज में पहुंच जाता है, तब उसका इलाज करना कठिन हो जाता है। सही समय पर कैंसर की निदान के लिए महेवा चंदौली स्थित पूर्वांचल के सबसे आधुनिकतम कॉरपोरेट हॉस्पिटल क्लियर मेडी डीएमएच मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने कैंसर स्क्रीनिंग पैकेज के रूप में एक नई पहल की है। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर हॉस्पिटल सभागार में महिला एवं पुरुषों में किसी भी प्रकार के समय रहते पता चल जाए इसके लिए कैंसर स्क्रीनिंग पैकेज लॉन्च किया गया इस अवसर पर प्रेस वार्ता का आयोजन भी किया गया जिसमें वाराणसी की वरिष्ठ कैंसर रोग सर्जन डॉक्टर शुभेंदु शेखर, गैस्ट्रो कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर पवन कुमार सिंह, लंग कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर शैलेंद्र शिवहरे, एम एस लेफ्टिनेंट कर्नल तारा प्रणव भट्टाचार्य, एफडी अश्वनी विश्वकर्मा ,बिजनेस हेड मृत्युंजय सिंह आदि उपस्थित रहे। क्लियर मेडी डीएम एच मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल वरिष्ठ कैंसर रोगों के विशेषज्ञों के नेतृत्व में कैंसर की संपूर्ण चिकित्सा के अलावा न्यूरो रोग, जनरल सर्जरी, एवंप्रत्यारोपण विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग नेफ्रोलॉजी, डेंटल विभाग, पीडियाट्रिक्स आदि सभी विभागों के विशेषज्ञ उपलब्ध है। भारतीय रेल आयुष्मान भारत योजना सहित अधिकांश इंश्योरेंस कंपनियों की कैशलेस सुविधा के साथ सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज क्लियर में डीएमएस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा किया जा रहा है।

## एएसपी अनुकृति शर्मा का तबादला, गौतमबुद्ध नगर में मिली नई जिम्मेदारी



**बबराला।** जनपद में सौ करोड़ रुपये से अधिक के बहुचर्चित बीमा घोटाले का पर्दाफाश करने वाली अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा का स्थानांतरण कर दिया गया है। लंबे समय से जनपद संभल में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के पद पर तैनात आइपीएस अधिकारी अनुकृति शर्मा को जनपद गौतमबुद्ध नगर भेजा गया है। नए तैनाती स्थल पर उन्हें पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था के अंतर्गत अपर पुलिस उपायुक्त के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपने कार्यकाल के दौरान अनुकृति शर्मा ने कई अहम मामलों का सफल अनावरण कर कानून-व्यवस्था को मजबूत किया। विशेष रूप से सौ करोड़ रुपये से अधिक के बीमा घोटाले के खुलासे को लेकर उनकी कार्यशैली की व्यापक सराहना हुई। उनके स्थानांतरण की सूचना के बाद पुलिस महकमे में चर्चाओं का दौर रहा, वहीं जनपद में उनके कार्यकाल को उल्लेखनीय माना जा रहा है।

# बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में जुटे कॉलेज, दिशा-निर्देश जारी

**बबराला।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षाओं को नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं की पैकिंग सीसीटीवी कैमरे और वॉयस रिकॉर्डर की निगरानी में कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों और वॉयस रिकॉर्डरों की नियमित जांच सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा की जाएगी। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों का विशेष निरीक्षण भी किया जाएगा। स्टेटिक मजिस्ट्रेट प्रतिदिन परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचेंगे। उनकी उपस्थिति में डबल लॉक खोलकर निर्धारित प्रश्नपत्र निकाले जाएंगे और इसके बाद दोबारा स्ट्रांग रूम को सील कराया जाएगा।

इसके साथ ही परीक्षा केंद्र पर आवंटित परीक्षार्थियों के अनुसार सभी व्यवस्थाओं तथा सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा भी की जाएगी। केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा से कम से कम तीन दिन पूर्व स्ट्रांग रूम की स्थापना करेंगे, जहां 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चालू रहेंगे। सभी कक्ष निरीक्षकों को अपने-अपने केंद्र व्यवस्थापकों को नियमित रूप से रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि परीक्षार्थियों को जूते-मोजे उतरवाकर परीक्षा नहीं कराई जाएगी। छात्राओं की तलाशी केवल महिला शिक्षिकाओं द्वारा ही की जाएगी। सीटिंग प्लान का कड़ाई से पालन कराया जाएगा और 50 प्रतिशत बाह्य कक्ष निरीक्षकों की तैनाती अनिवार्य रहेगी। परीक्षा केंद्र परिसर में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक और उत्तर पुस्तिका क्रमांक लिखना अनिवार्य होगा। कॉलेज के प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए विभाग द्वारा जारी सभी दिशा-र्देशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

## बद्रीनाथ धाम की गाडू घड़ा शोभायात्रा में शामिल होंगे शंकराचार्य

**वाराणसी।** बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले पारंपरिक तेल कलश (गाडू घड़ा) शोभायात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी इसमें शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शामिल होने की संभावना है। बद्रीनाथ धाम के पुजारी समुदाय की शीर्ष संस्था बद्रीनाथ डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी प्रतिनिधिमंडल के साथ वाराणसी पहुंचे। उन्होंने शंकराचार्य घाट स्थित श्रीविद्यामठ में ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें गाडू घड़ा शोभायात्रा में आने का विधिवत आमंत्रण पत्र सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने शंकराचार्य से ऋषिकेश से बद्रीनाथ धाम तक प्रस्थान करने वाली तेल कलश गाडू घड़ा यात्रा को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उसमें सहभागिता करने का आग्रह किया, जिसे शंकराचार्य ने स्वीकार किया।

# स्टेयरिंग फेल होने की वजह से यात्रियों से भरी बस पलटी खाई में

❑ दो यात्रियों की हालत गंभीर, एक जिला अस्पताल रेफर

**कोन, सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत खेमपुर गाँव के पास गुरुवार को तेलगुड़वा से कोन जा रही एक यात्रियों से भरी बस, अचानक स्टेयरिंग फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर खाईं में पलट गई। तेलगुड़वा से विंढमगंज की सड़क कई वर्षों से जर्जर स्थिति में है जिसके कारण आये दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय जन प्रतिनिधियों की लंबे अरसे से मांग पर रोड निर्माण कार्य तो शुरू हुआ पर कार्य पूरा नहीं हो सका जिसका नतीजा है कि आये दिन लोग चोटिल हो रहे हैं।सूत्रों की माने तो बस में करीब 40 यात्री सवार थे जहाँ हादसे में दर्जनों यात्रियों को चोटें आने की सूचना मिली , जिनमें दो की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना





मिलते ही मौके पर एम्बुलेंस पहुंची और सभी घायलों को कोन सीएससी भेजा गया, जहां घायलों की इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गंभीर रूप से घायल यात्रियों में से एक को सिर में गहरी चोट लगी है। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर राहत कार्य शुरू किया गया और यातायात को सुचारू कराया गया। इस बावत सीएचसी चिकित्साधिकारी डॉक्टर जे. पी सिंह ने बताया कि मखन्नचू उम्र लगभग 65 वर्ष डाल्टेनगंज, (झारखंड) के निवासी हैं जिनके सर में चोट लगी है, जिन्हें बेहतर ईलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

दैनिक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
लखनऊ सुपरफास्ट खबरें — सबसे तेज, सबसे पहले



# संपादकीय

## यूरोप के साथ मुक्त व्यापार आसान नहीं होगा

इस सप्ताह के अंत तक, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, जो गणतंत्र दिवस परेड की मुख्य अतिथि थीं, संभवतरू उस दस्तावेज पर हस्ताक्षर करेंगी, जिसे उन्होंने 'ऐतिहासिक' बताया है-भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता। 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहे जाने वाले इस मुक्त व्यापार समझौते का परिणाम 2 दशकों से रुकी हुई बातचीत के बाद सामने आया है। लेकिन क्या यह सफल होगा? या फिर (अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा यूरोप और भारत दोनों पर टैरिफका हथियार रखने के कारण) जल्दबाजी में किए गए इस समझौते की संतान जन्मजात रूप से दोषपूर्ण है? यूरोपीय संघ और भारत द्वारा पहली बार 'रणनीतिक' संबंध की घोषणा के 3 साल बाद, 2007 में मुक्त परमाणु समझौते (एफटी.ए.) की वार्ता शुरू हुई। उस समय भारत नहीं, बल्कि चीन यूरोपीय संघ का सबसे पसंदीदा सांझेदार था। इसके बाद 15 दौर की वार्ताओं से कुछ खास हासिल नहीं हुआ। यूरोप भारत के प्रति अपने एकतरफा रवैये पर अड़ा रहा। कृषि जैसे पहलुओं और यूरोपीय उत्पादों पर भारत द्वारा लगाए गए अत्यधिक शुल्क को लेकर वास्तविक चिंताएं थीं। भारत कार्बन उत्सर्जन कम क्यों नहीं करता, अपने औद्योगीकरण को क्यों नहीं रोकता और पश्चिमी देशों की मांगों को क्यों नहीं मानता? क्या भारतीय चुपके से यूरोपीय संघ के उच्च श्रम और पर्यावरण मानकों का उल्लंघन करेंगे? भारत ने चीन के कहीं अधिक सकल घरेलू उत्पाद (2007 में भारत के 1.2 ट्रिलियन डॉलर की तुलना में लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर), तेजी से सस्ते सामान का उत्पादन और वितरण करने की उसकी क्षमता तथा उसके बढ़ते उपभोक्ता बाजार को नजरअंदाज कर दिया। चीन-यूरोपीय संघ के बीच व्यापार और निवेश फलता-फूलता रहा लेकिन ब्रसेल्स में चीन के 'गैर-लोकतांत्रिक' स्वरूप और 'मानवाधिकार' रिकॉर्ड का शायद ही कभी जिक्र हुआ। 2013 तक, भारत-यूरोपीय संघ वार्ता अधर में लटक गई। हालात तब बदले, जब चीन से आर्थिक और भू-रणनीतिक खतरे का सामना कर रहे अमरीका ने 'इंडो-पैसिफिक' नामक एक नए महासागर की खोज की और उस देश को लुभाना शुरू किया जो इसके सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर प्रभुत्व रखता था-भारत। यूरोप ने भी इसका अनुसरण किया और भारत-यूरोपीय संघ एफटी.ए. पर बातचीत 2022 में फिर से शुरू हुई। यूरोपीय लोग आमतौर पर अतिशयोक्ति नहीं करते, लेकिन पिछले सप्ताह दिल्ली में चिंतन फाऊंडेशन द्वारा आयोजित एक भरे हुए सैमीनार में, यूरोपीय संघ के 3 सबसे छोटे राज्यों-इटली, माल्टा और एस्टोनिया-के प्रतिनिधियों और भारतीय विश्लेषकों ने इस बात पर जोर दिया कि मुक्त व्यापार समझौता लगभग पूरा हो चुका है। हालांकि, समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। यूरोपीय संघ के लिए, भारत द्वारा शराब, स्पिरिट और डेयरी उत्पादों पर लगाए गए 150 प्रतिशत तक के उच्च टैरिफ एक समस्या है। भारत के लिए, यूरोपीय संघ के कड़े बौद्धिक संपदा अधिकार नियम उसके अपने अधिक लचीले पेटैंट कानूनों से टकराते हैं, जिनके कारण सस्ती जैनरिक दवाएं संभव हो पाती हैं। यूरोप खरीद प्रक्रियाओं तक अधिक पहुंच चाहता है लेकिन 'आत्मनिर्भर भारत' स्थानीय आपूर्तिकर्त्ताओं को प्राथमिकता देता है।

## मर्यादा हनन का सदन

प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में 'धन्यवाद प्रस्ताव' पर अपना जवाब नहीं दे सके। राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में प्रधानमंत्री अपनी बात सदन में नहीं रख सके, जबकि वह सदन के नेता भी हैं। संसदीय इतिहास में यह अभूतपूर्व विडंबना है और देश की संसदीय व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। चूंकि स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की कथित किताब के अंश सदन में पढने की अनुमति नहीं दी, लिहाजा विपक्ष उबल रहा है। विरोध और गुस्से में, सदन में ही, पोस्टर-बैनर लहराए जा रहे हैं। यह कानून और संविधान का उल्लंघन है। कुछ नारे भी आपत्तिजनक हैं। संसद में हंगामा हो रहा है। क्या यही 'न्यू नॉर्मल' है? कमोबेश हंगामे के आसार की सूचना गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी को दी होगी! गृहमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्ष के नेताओं से भी बातचीत की, लेकिन कोई बर्फ नहीं पिघली। स्पीकर ओम बिरला ने अपने चैंबर में भी पक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक बुलाई थी, लेकिन वहां भी उग्र और उत्तेजित संवाद हुआ, नतीजतन हंगामा जारी रहा। हमने संसदीय कवरेज के अपने अनुभव में देखा है कि जब प्रधानमंत्री बोलने के लिए खड़े होते हैं, तो विपक्ष का हंगामा खामोश हो जाता है। यह आचार-संहिता भी है, परंपरा भी है और प्रधानमंत्री पद के प्रति सम्मान भी है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के कालखंड में सत्ता और विपक्ष प्रतिद्वंद्वी नहीं, एक-दूसरे के 'कट्टर दुश्मन' बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी को इससे पहले भी विपक्ष के हंगामे, शोर, नारेबाजी के बीच ही अपना भाषण देना पड़ा था। इस बार भी विपक्ष जबरदस्त विरोध पर आमादा है, क्योंकि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया और विपक्ष के 8 सांसदों को सत्र भर के लिए निलंबित कर दिया गया है। जहां तक निलंबित सांसदों का सवाल है, हमारा मानना है कि ऐसे सांसदों की सांसदी ही बर्खास्त कर दी जाए। उसके लिए नियम-कानून में संशोधन किया जा सकता है। जिस तरह विपक्षी सांसदों ने 'वेल' में आकर कागज की चिन्दियां स्पीकर के आसन पर फेंकी थीं और मेजों पर चढ़ कर 'हुड़दंगी नृत्य' किया था।

# वैलेंटाइन वीक 7-14 फरवरी 2026 बनाम भारतीय विकल्प- संतुलन की जरूरत-प्यार, भावनाएँ संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन की वैश्विक ज़रूरत -एक समग्र विश्लेषण

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर हर वर्ष फ़रवरी का दूसरा सप्ताह दुनियाँ भर में प्रेम,रिश्तों और भावनात्मक अभिव्यक्ति के नाम समर्पित रहता है,जिसे वैलेंटाइन वीक कहा जाता है। यह सप्ताह युवाओं,प्रेमी जोड़ों और भावनात्मक रिश्तों में बंधे लोगों के लिए खास महत्व रखता है।आधुनिक वैश्विक समाज में वैलेंटाइन वीक केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भावनाओं के इज़हार,रिश्तों की पुष्टि और आपसी विश्वास को मजबूत करने का अवसर बन चुका है। भारत सहित विश्व के अनेक देशों में यह सप्ताह बढ़ते उत्साहडिजिटल माध्यमों और बाजार आधारित संस्कृति के साथ मनाया जाता है।वैलेंटाइन वीक की अवधारणा मूलतः पश्चिमी संस्कृति से आई, किंतु वैश्वीकरण और डिजिटल क्रांति के बाद यह दुनियाँ के लगभग हर समाज में अपनी जगह बना चुकी है।सोशल मीडिया, ऑनलाइन ग्रीटिंग्सडिजिटल गिफ्टिंग और ब्रांडेड सेलिब्रेशन ने इस सप्ताह को अंतरराष्ट्रीय पहचान दी है। भारत में भी शहरी युवाओं से लेकर छोटे कस्बों तक वैलेंटाइन वीक का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। यह प्रभाव केवल प्रेम तक सीमित नहीं है, बल्कि दोस्ती,केयर, इमोशनल बॉन्डिंग और आपसी सम्मान तक विस्तारित हो चुका है।हालांकि वैलेंटाइन वीक को लेकर भारत में उत्साह है,लेकिन इसके साथ ही मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह देखरहा हूँ क़ि बीते कुछ वर्षों में सामाजिक और सांस्कृतिक स्तरपर विरोध के स्वर भी तेज़ हुए हैं।कुछ सामाजिक और धार्मिक संगठन मानते हैं कि वैलेंटाइन डे की आड़ में भारतीय परंपरा, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक मर्यादाओं के खिलाफ़ गतिविधियाँ बढ़ रही हैं।सार्वजनिक स्थलों पर अश्लीलता, महिलाओं के प्रति असम्मान,और रिश्तों के नाम पर दिखावे की संस्कृति को लेकर चिंता व्यक्त की जाती रही है।वैलेंटाइन वीक का विरोध केवल भावनात्मक या वैचारिक नहीं है,बल्कि इसके पीछे सामाजिक अनुशासन और सांस्कृतिक पहचान की चिंता भी जुड़ी हुई है।भारत जैसे पारिवारिक मूल्यों वाले समाज में प्रेम को निजी और मर्यादित भाव माना गया है। कुछ संगठनों का तर्क है कि पश्चिमी संस्कृति की नकल करते हुए युवा वर्ग भावनाओं की अभिव्यक्ति में संतुलन खो बैठता है,जिससे सामाजिक ताने-बाने पर नकारात्मक असर पड़ता है।इसी कारण वैलेंटाइन डे के विकल्प के रूप में माता-पिता पूजन दिवस, भारतीय संस्कृति दिवस और



पारिवारिक मूल्यों से जुड़े कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है।आज का युवा वर्ग डिजिटल युग में जी रहा है, जहां भावनाओं का इज़हार सोशल मीडिया पोस्ट, स्टोरी और रील्स के ज़रिये होता है। यह सुविधा जहां रिश्तों को जोड़ती है, वहीं कई बार भावनात्मक अतिरेक, दिखावा और तुलना की मानसिकता भी पैदा करती है। ऐसे में वैलेंटाइन वीक को मनाते समय जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और मर्यादा बनाए रखना पहले से बहुत अधिक जरूरी हो गया है। साथियों बात अगर हम वैलेंटाइन वीक 7 से 14 फरवरी 2026- तिथियाँ और उनका भावनात्मक महत्व को समझने की करें तो, वैलेंटाइन वीक 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होती है और 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के साथ इसका समापन होता है। इस सप्ताह का प्रत्येक दिन किसी न किसी




भावना, प्रतीक और रिश्ते के पहलू को समर्पित है।7 फरवरी- रोज़ डे-प्रेम की कोमल शुरुआत रोज़ डे वैलेंटाइन वीक की पहली सीढ़ी है। गुलाब फूल प्रेम,सौंदर्य और भावनाओं की कोमलता का प्रतीक माना जाता है। लाल गुलाब गहरे प्रेम का संकेत देता है, गुलाबी अपनापन और प्रशंसा का,सफेद शांति और सम्मान का, जबकि पीला दोस्ती और खुशी का प्रतीक है। रोज़ डे रिश्तों की शुरुआत को सौम्यता और संवेदनशीलता के साथ दर्शाता है।8फरवरी-प्रपोज़ डे-भावनाओं को शब्दों में ढालने का दिन-प्रपोज़ डे वह दिन है जब लोग अपने दिल की बात खुलकर सामने रखते हैं। यह केवल रोमांटिक रिश्तों तक सीमित नहीं, बल्कि दोस्ती, साझेदारी और जीवनभर के साथ का प्रस्ताव भी हो सकता है।भारतीय संदर्भ में यह दिन ईमानदारी, सम्मान और स्पष्टता के साथ भावनाओं को व्यक्त करने का संदेश देता है।9 फरवरी -चॉकलेट डे-रिश्तों में मिठास का प्रतीक चॉकलेट डे रिश्तों में मिठास और खुशी घोलने का दिन माना जाता है।चॉकलेट न केवल स्वाद में मीठी होती है, बल्कि वैज्ञानिक रूप से भी यह मूड बेहतर करने में सहायक मानी जाती है। यह दिन यह दर्शाता है कि छोटे- छोटे इशारे भी रिश्तों को मजबूत बना सकते हैं।10 फरवरी-टेडी डे-केयर और मासूमियत की अभिव्यक्तिटेडी डे मासूमियत, देखभाल और भावनात्मक सुरक्षा का प्रतीक है। सॉफ्ट टॉय की तरह ही प्रेमी का दिल भी कोमल और संवेदनशील होता है। यह दिन यह सिखाता है कि रिश्तों में कठोरता नहीं, बल्कि कोमलता और समझ जरूरी है।11 फरवरी-प्रॉमिस डे-विश्वास और प्रतिबद्धता का आधार- प्रॉमिस डे किसी भी रिश्ते की नींव को मजबूत करने का दिन है।वादे केवल शब्द नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और भरोसे की अभिव्यक्ति होते हैं। भारतीय संस्कृति में वचन और संकल्प को अत्यंत पवित्र माना गया है,इसलिए यह दिन पारंपरिक मूल्यों से भी गहराई से जुड़ता है।12 फरवरी-हग डे-अपनापन और भावनात्मक सुरक्षा-हग डे गले लगकर अपनापन, भरोसा और भावनात्मक जुड़ाव दिखाने का दिन है। मनोवैज्ञानिक रूप से भी एक सम्मानजनक आलिंगन तनाव कम करता है और आत्मीयता बढ़ाता है। यह दिन यह संदेश देता है कि प्रेम केवल शब्दों में नहीं, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा में भी प्रकट होता है।13 फरवरी-किस डे-भावनात्मक निकटता की अभिव्यक्ति-किस डे को लेकर भारतीय समाज में सबसे अधिक मतभेद देखने को मिलते हैं।यह दिन भावनात्मक और रोमांटिक निकटता का प्रतीक है, लेकिन इसे निजी दायरे और पारस्परिक सहमति के साथ ही सीमित रखना सामाजिक संतुलन के लिए अतिआवश्यक है। 14 फरवरी-वैलेंटाइन डे-प्रेम का चरम उत्सव-वैलेंटाइन डे पूरे सप्ताह का केंद्र बिंदु होता है। यह दिन प्रेम, समर्पण और भावनात्मक स्वीकृति का प्रतीक बन चुका है।

# पंथक वोटरों के लिए तय करना मुश्किल कि असैंबली चुनावों में वोट दें या नहीं

**इकबाल सिंह चन्नी**

2027 के पंजाब असैंबली के लिए पंथक मामले एक केंद्रीय मुद्दा बन गए हैं। सभी राजनीतिक दल पंथक एजैंडे को आगे रखकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे हैं। सभी पार्टियां खुद को पंथक सपोर्टर और दूसरी पार्टियों को पंथ विरोधी बताने में कोई कसर नहीं छोड़ रहीं। लेकिन इस पूरे परिदृश्य में, लगभग सभी पाष्टयों की हालत 'हमाम में सब नंगे' जैसी हो गई है क्योंकि इस समय सभी मुख्य पार्टियों पर पंथक हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लग रहा है। अगर हम मौजूदा राजनीतिक दलों का विश्लेषण करें, तो सभी पार्टियों पर पंथक मुद्दों पर किसी पर कुछ कम और किसी पर कुछ ज्यादा आरोप लग रहे हैं। यह सब समझने के लिए, आइए सभी प्रमुख पार्टियों कांग्रेस, भाजपा, 'आप' और अकाली दल बादल के पंथक मुद्दों के प्रति पिछले बर्ताव का विश्लेषण करते हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी और सबसे लंबे समय तक देश और राज्यों पर राज करने वाली कांग्रेस की बात करें, तो सबसे ज्यादा आरोप इसी पार्टी पर लगते हैं। देश आजाद होने के बाद, जब कांग्रेस सत्ता में आई, तो सिखों यानी पंथ के साथ भेदभाव का दौर शुरू हो गया। अगर इतिहास देखें, तो देश आजाद होने के बाद, सिखों से किए गए वादों को भूलकर, कांग्रेस ने सिखों के साथ भेदभाव करना शुरू कर दिया, जिसमें पंजाब के गवर्नर द्वारा सिखों को क्रिमिनल कम्युनिटी घोषित करना, भाषा के आधार पर पंजाबी राज्य बनाने से मना करना, पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ को केंद्र शासित बनाना, पानी के बंटवारे में पंजाब के साथ भेदभाव करना, पंजाब की चुनी हुई सरकारों को बार-बार तोड़कर राष्ट्रपति शासन लागू करना, श्री अमृतसर के दरबार साहिब में श्री अकाल तख्त पर हमला करना और उस समय की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली और देश के अलग-अलग हिस्सों में सिखों का कत्लेआम करना और सिखों के कातिलों को सजा देने की बजाय उन्हें ऊंचे पद देना शामिल था। लेकिन कांग्रेस पार्टी इन आरोपों के जवाब में ज्ञानी जैल सिंह को राष्ट्रपति, स. बूटा सिंह को गृहमंत्री, स. मनमोहन सिंह को देश का प्रधानमंत्री बनाने का श्रेय लेकर खुद को पंथक हितैषी होने का दावा करती है। शिरोमणि अकाली दल, जिसे अब अकाली दल बादल के नाम से जाना जाता है, खुद को पंथ का सबसे बड़ा हमदर्द बताता है और उस पर कई पंथ विरोधी काम करने के कई आरोप हैं।

इनमें खासकर 1978 में हुई निरंकारी घटना, मोगा कॉन्फ्रैंस के दौरान अकाली दल को पंथक पार्टी की जगह पंजाबी पार्टी घोषित करना, बाबा राम रहीम की बेअदबी के लिए उनके खिलाफ एक्शन न लेना, सरकारी मदद से बाबा राम रहीम की फिल्म चलाना, बाबा राम रहीम को माफ करना, शांति से प्रोटैस्ट करने वाले सिखों पर गोली चलाना और श्री अकाल तख्त साहिब के हुक्मनामे को पूरी तरह लागू न करना तथा सिख मसलों को पूरी तरह हल न करना शामिल है। अकाली दल बादल ने इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया है और सिख पंथ के लिए किए गए अपने कामों का हवाला देकर खुद को सिख पंथ का प्रवक्ता बताया है। इन कामों में पंजाबी सूबा बनाना, सिख गुरुओं के दिनों को बड़े पैमाने पर मनाना, सिख शहीदों की यादगारें बनाना, सिख इतिहास को दुनिया के सामने लाना, विरासत-ए-खालसा जैसी यादगारें बनाना, सिख धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए देश-विदेश में प्रचार केंद्र खोलना और कई दूसरे काम शामिल हैं। 'आप', जो कुछ साल पहले ही बनी है, अब तक खुद को सैक्युलर पार्टी के तौर पर पेश करती रही है लेकिन उसने सिखों से किए वादे, जैसे बेअदबी और बहबल कलां और कोटकपूरा गोली कांड में इंसाफ का वादा पूरा नहीं किया है। इसके अलावा, सुल्तानपुर में गुरुद्वारा साहिब पर पुलिस की फायरिंग, 'आप' के मुख्यमंत्री द्वारा सिख मर्यादाओं का उल्लंघन, अकाल तख्त साहिब और गुरु की गोलक के बारे में कहे गए अपशब्द, हर दिन हो रही बेअदबी की घटनाएं और गायब पवित्र स्वरूपों की बरामदगी पर यू-टर्न। लेकिन आम आदमी पार्टी ने भी दूसरों की तरह खुद को पंथक हितों के रखवाले के तौर पर पेश करना शुरू कर दिया है। 'आप' का दावा है कि उसने बेअदबी करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाए हैं, गायब पवित्र स्वरूपों के मुद्दे पर एफ.आई.आर. दर्ज की है और एस.आई.टी. बनाई है तथा गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस को आधिकारिक तौर पर मनाया है। चौथी मुख्य पार्टी, भाजपा को भी कई तरह की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सिखों को एक अलग समुदाय न मानना, कुछ नेताओं द्वारा सिख विरोधी बयान, तीन कृषि कानून और जेल में बंद सिखों की रिहाई शामिल है, जिससे आम सिख भाजपा से दूर हो रहे हैं। लेकिन भाजपा सिखों के लिए किए गए कामों की लंबी लिस्ट पेश करती है, जिसमें भाजपा ने कांग्रेस के समय में ब्लैक लिस्ट किए गए करीब 350 सिखों के नाम हटाने, करतारपुर साहिब कॉरिडोर खोलने, अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप श्रद्धा के साथ भारत लाने, हेमकुंट साहिब में रोप-वे बनाने, गुरु साहिबान की शताब्दियां सरकारी स्तर पर मनाने, छोटे साहिबजादों का शहीदी दिवस विश्व स्तर पर मनाने, 84 के सिखों के कातिलों को सजा दिलाने, पीड़ितों को मुआवजा देने और पीड़ित परिवारों के सदस्यों को सरकारी नौकरी देने, पार्टी संगठन और सरकार में सिखों को ज्यादा प्रतिनिधित्व देने जैसे कामों का खास तौर पर जिक्र किया है। चुनाव सिर्फ 1 साल दूर हैं, मगर ज्यादातर सिख मुद्दे अभी अनसुलझे हैं। फिलहाल आम सिखों को भी उम्मीद नहीं है कि ये सुलझेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष**:- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के ब्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**बृषभ**:- शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुन**:- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढे.गी।

**कर्क**:- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंह**:- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या**:- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है। सन्तति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

**तुला**:- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिक**:- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु**:- सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर**:- बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभ**:- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढे.गी।

**मीन**:- पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# चुनौतियों का जवाब देने वाला बजट

**अवधेश कुमार**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट भारत के सभी समूहों की आकांक्षाओं, आंतरिक और बाह्य चुनौतियों व आवश्यकताओं, राजनीतिक मांग एवं नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा देश के घोषित आर्थिक विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा है या नहीं? पिछले कुछ समय से उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल में भारत को अपनी विकास गति बनाए रखने के साथ नई वैश्विक सांझेदारी, निर्यात बाजार आदि विकसित करने तथा घरेलू उत्पादकों को नीतियों और प्रोत्साहन से समर्थन देने की चुनौती है। बजट में कोई लोक लुभावन घोषणा नहीं, पूरा फोकस इस बात पर कि इस उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के दौर में देश की अर्थव्यवस्था सुरक्षित, मजबूत और स्थिर होने के साथ विस्तारित भी हो, विश्व व्यापार के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हो, किशोर और युवा वर्ग को भारत राष्ट्र के लक्ष्य और रोजगार दिलाने के अनुरूप शिक्षा, रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में 3 कर्त्तव्य के नाम पर लक्ष्य और बजट की सैद्धांतिक आधारभूमि स्पष्ट कर दी। पहला, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने तथा वैश्विक उथल-पुथल के परिदृश्य में लचीलापन लाकर आर्थिक विकास को तेज करना और उसकी गति बनाए रखना। दूसरा, भारत की समृद्धि के पथ में सशक्त सांझेदार बनाने के लिए लोगों की आकांक्षाएं पूरी करना और उनकी क्षमता बढ़ाना तथा तीसरा, सरकार की सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण के अनुकूल, यह सुनिश्चित करना कि सार्थक भागीदारी के लिए प्रत्येक परिवार, समुदाय और क्षेत्र को संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच उपलब्ध हो। वित्त मंत्री ने आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए निम्न क्षेत्रों में पहल शुरू करने का प्रस्ताव रखा। एक, रणनीतिक और अग्रणी क्षेत्रों में विनिर्माण को तेज करना। दो, विरासत के औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना। तीन, चौंपियन एम.एस.एम.ई. का निर्माण करना। चार, आधारभूत संरचना को सशक्त प्रोत्साहन प्रदान करना। पांच, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना तथा छरू, शहरों में आर्थिक क्षेत्र विकसित करना। तमाम उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा घोषित लक्ष्यों के अनुरूप राजकोषीय घाटा 4.4 प्रतिशत तक सीमित रखना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसीलिए इस वर्ष के लिए 4.3 प्रतिशत का लक्ष्य है। पूंजीगत खर्च, जो आधारभूत संरचना पर खर्च होता है, के लिए 12 लाख 20 करोड़ का आबंटन सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है। यह कुल बजट का लगभग 23 प्रतिशत है। विनिर्माण, सेवा और कृषि हमारी अर्थव्यवस्था और विकास के मूलाधार हैं। कुशल और दक्ष युवा वर्ग तैयार करना भारत का बड़ा लक्ष्य है, क्योंकि जब हम अन्य देशों से मोबिलिटी समझौता करते हैं तो काम करने वालों के क्षेत्र का भौगोलिक विस्तार हो जाता है।

2047 तक भारत का सेवा क्षेत्र में वैश्विक हिस्सा 10 प्रतिशत तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निश्चित है। वैश्विक बायोफॉर्मा निर्माण केन्द्र के रूप में भारत को विकसित करने के लिए कुल 10,000 करोड़ रुपए से बायोफॉर्मा शक्ति की शुरुआत हो रही है जो बायोलॉजिक और बायोसिमिलरों के घरेलू उत्पादन के लिए अगले पांच वर्षों में ईको-सिस्टम का निर्माण करेगी। सैमीकंडक्टर और ए.आई. क्षेत्र में देर से आने के बावजूद अग्रणी देश बनने की दृष्टि से महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। विश्व में प्रतिस्पर्धा के अनुरूप टिकाऊ वस्त्र और परिधानों को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से वस्त्र कौशल ईको-सिस्टम के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए समर्थ 2.0 कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर, मानव निर्मित फाइबर और नए युग के फाइबरों में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना है तो मशीनरी, प्रौद्योगिकी उन्नयन, परीक्षण एवं प्रमाणन केन्द्रों के लिए पूंजीगत सहायता के साथ पारम्परिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण के लिए वस्त्र विस्तार एवं रोजगार योजना। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को 10,000 करोड़ की विकास निधि का प्रस्ताव है, ताकि भविष्य के चौम्पियनों का निर्माण किया जा सके और निर्धारित विशेषताओं के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा सके। पर्यावरण रूप से टिकाऊ आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए पूर्वी भारत में डानकूनी से पश्चिमी भारत के सूरत को जोडने के लिए नए समघ्पत माल गलियारे, 5 वर्षों में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों (एन.डब्ल्यू.) का संचालन, जलमार्गों और तटीय पोत परिवहन की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 12 प्रतिशत करने के लिए तटीय कार्गोनन, सात उच्च-गति रेल कॉरीडोर विकसित करना, सी-प्लेन के स्वदेशी निर्माण के लिए प्रोत्साहन के लिए योजना आदि प्रमुख हैं। इनके साकार होने के बाद कल्पना करिए कि भारत विश्व स्तरीय यातायात में कहां खड़ा होगा। कुल मिलाकर 2047 के विकसित भारत का लक्ष्य पाने और उसके आगे सतत छलांग लगाते रहने के लिए वर्तमान एवं दूरगामी भविष्य की संभावित आवश्यकताओं और चुनौतियों की दृष्टि से बजट समग्र दृष्टिकोण और योजनाएं प्रस्तुत करता है।

दैनिक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
लखनऊ सुपरफास्ट खबरें — सबसे तेज, सबसे पहले

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, कथाएं, आर्टिकल या अपने शहर से जुड़ी कोई भी समस्या या विशेष कवरेज। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करने का प्रयास करेंगे।

**हेड ऑफिस**
शॉप नंबर- 04 दयाल मार्केट, हिमसिटी, कंचनपुर-मटियारी देवा रोड, चिनहट, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र—7080480403

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक शिव प्रकाश तिवारी द्वारा लक्ष्मी ऑफसेट, देवपुरी भवन संजय गांधी मार्ग लखनऊ उत्तर प्रदेश से छपवाकर, शॉप नं०-४ दयाल मर्किट, हिमसिटी कंचन पुर मटियारी देवा रोड चिनहट लखनऊ से प्रकाशित किया।

सम्पादक
शिव प्रकाश तिवारी
सम्पर्क सूत्र—7080480403
प्रधान सम्पादक

ब्रांच ऑफिस- निकट काशीराम कॉलोनी लौलाई, चिनहट, लखनऊ
मो. 6306589368

# देश का बजट राजनीति के लिए नहीं बल्कि राष्ट्रनीति वाला : केशव

## बुलेट ट्रेन की गति से मेक इन इंडिया व आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहे कदम



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** केंद्रीय बजट की विशेषताएं बताने जनपद दौरे पर आये डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने जहां बजट को विकास उन्मुखी व जनता ये लिए लाभदायक बताया। वहीं कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी व अखिलेश यादव को धोखेबाज़ व मुद्दाविहीन बताया। शहर के एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने केंद्रीय बजट के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्रिमंडल का आभार जताते हुए इसे जनता के लिए फायदेमन्द और अर्थव्यवस्था के लिए विकास उन्मुखी बताया। कहा कि 2014 में सत्ता की बागडोर संभालने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता का विश्वास कायम है। केंद्र सरकार ने बजट में गरीबो व कमजोरों के लिए अनेक योजनाओं को शुरू किया है। रोजगार के नये अवसर पाने व उद्योगों के माध्यम से सृजन करने का भी प्रावधान किया गया है। बजट राजनीति से इतर राष्ट्रनीति को मजबूत करने वाला है। शिक्षा स्वास्थ्य एवं महिलाओं को विशेष ध्यान रखा गया है। भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने, सड़क, रेल व जल मार्ग से यातायात व्यवस्था को मजबूत करने का काम किया गया है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हिन्दू व बौद्ध धर्म स्थलों को विकसित करने का काम किया गया है। वही उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस व समाजवादी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी व अखिलेश यादव को धोखेबाज़ व परिवारवाद की राजनीति करने वाला बताया। कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद भ्रष्टचार पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गयी है देश मे 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन योजना एवं जनधन खातों में किसान सम्मान निधि देने का काम किया जा रहा है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी मनोकामना कभी पूरी नहीं होगी, जनता का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस तेजी के साथ विकास के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उससे यह साबित होता है कि वर्ष 2047 से पहले ही भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, विधायक कृष्णा पासवान, जय कुमार जैकी, विकास गुप्ता, राजेन्द्र पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, पूर्व विधायक राणवेंद्र प्रताप धुन्नी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, प्रमोद द्विवेदी, दिनेश बाजपेयी, केन्द्रीय बजट अभियान संयोजक सुशीला मौर्या, सहसंयोजक प्रदीप गर्ग, मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह आदि रहे।

### गाजियाबाद सुसाइड केस के बाद राज्य महिला आयोग का फैसला

**आगरा।** गाजियाबाद में तीन नाबालिग बच्चियों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना के बाद यूपी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने स्कूलों में बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई को लेकर सवाल खडेघ् किए हैं। उन्होंने कहाकि स्कूलों को नोटिस दिए जाएंगे कि बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई और होमवर्क न दें। उन्होंने कहा कि बच्चों के हाथ में मोबाइल फोन उनकी मानसिक सेहत और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है, जिसे अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गुरुवार को आगरा जिला कारागार पहुंचीं महिला आयोग अध्यक्ष ने महिला बंदियों से मुलाकात कर उनके सुधार और पुनर्वास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इसी दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने गाजियाबाद की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि तीन बच्चियों का आत्महत्या जैसा कदम उठाना समाज के लिए चेतावनी है।

## चोरी की बाइक व तमंचा के साथ शातिर चोर गिरफ्तार



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** अपराध नियंत्रण की दिशा में असोथर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। असोथर थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अवैध तमंचा और जिन्दा कारतूस बरामद किया है। थानाध्यक्ष असोथर धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार की रात्रि चेकिंग के दौरान अभियुक्त रामू सिंह उर्फबिट्टी सिंह पुत्र स्वर्गीय चन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम कुसुंभी थाना असोथर को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना असोथर पर मु0अ0सं0 19/2026 अंतर्गत धारा 317(2), 317(4), 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस एवं 3/25 आयुध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष असोथर धीरेन्द्र ठाकुर, उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा, उप निरीक्षक अंकुश यादव, उप निरीक्षक सूर्यनाथ, उप निरीक्षक अंकित सिंह, मुख्य आरक्षी सुखवीर सिंह, आरक्षी निर्भय सिंह एवं महिला आरक्षी ममता कुशवाहा शामिल रहीं।

## बेटी विवाह शगुन योजना के तहत किया भौतिक सत्यापन



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** फास्ट रिलीफ चैरिटेबल टीम द्वारा संचालित बेटी विवाह शगुन योजना के अंतर्गत जनपद में जिला टीम द्वारा पात्र लाभार्थी के यहां स्थलीय एवं भौतिक सत्यापन की कार्यवाही संपन्न की गई। इस दौरान टीम ने लाभार्थी परिवार से मुलाकात कर विवाह योग्य पुत्री से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं तथा योजना की पात्रता शर्तों के अनुरूप जांच प्रक्रिया पूरी की। जिला टीम अरबपुर निवासी मोहम्मद राशिद के आवास पर पहुंची। जहां आवश्यक दस्तावेजों का अवलोकन कर सत्यापन किया। संस्था की ओर से बताया गया कि योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता राशि पात्र लाभार्थियों तक पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ पहुंचाने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया अपनाई जाती है।

फास्ट रिलीफ चैरिटेबल टीम ने बताया कि संस्था समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रही है। सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत पात्र लाभार्थी को योजना के अंतर्गत निर्धारित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, जिला महामंत्री रश्मि अवस्थी, कोषाध्यक्ष प्रवर अवस्थी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शरद दीक्षित, लीगल एडवाइजर शाश्वत गर्ग, नफीस अहमद, सिद्धार्थ दुबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिला टीम ने आमजन को योजना की विस्तृत जानकारी दी। अधिक से अधिक पात्र परिवारों से योजना का लाभ उठाने की अपील की।

## प्रेमिका के परिजनों से पीडित प्रेमी ने ट्रेन से कटकर दी जान

### घटना से पूर्व मृतक ने आरोप लगाते हुए बनाया वीडिओ

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ममरेजपुर बीती रात प्रेमी ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। इससे पूर्व मृतक ने मोबाइल में प्रेमिका के पिता व भाईयों द्वारा प्रताड़ित करने की बात कही है। जानकारी के अनुसार ममरेजपुर गांव निवासी रमेश कुमार का 21 वर्षीय पुत्र नयन कैथल ने बीती रात ट्रेन से कटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इससे पहले उसने मोबाइल में प्रेमिका के भाई पिता व परिजनो पर प्रताडित करने आरोप लगाने के बाद उसने घटना को अंजाम दे दिया। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक के दादा ने बताया कि मरने से पूर्व उसने अपने मोबाइल में वीडिओं रिकार्ड कर वीडीओ में बताया कि प्रेमिका का भाई जावेद, पिता असलम व उसके परिजनो ने उसे प्रताडित किया। यह भी बताया कि तीन से प्रेमिका मृतक सम्पर्क में थी। घटना से पूर्व उसे मारापीटा था प्रेमिका के दूर होने के कारण ही उसने घटना को अंजाम दिया है। हालाकि अखबार वायरल वीडिओ की पुष्टी नहीं करता है। मृतक के दादा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद जावेद व उसके परिजनों के खिलाफतहरीर देगा।

### नायक जादुनाथ सिंह का बलिदान दिवस आज, जिलेभर में होंगे कार्यक्रम

**शाहजहांपुर।** अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जादुनाथ सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर शुक्रवार 6 फरवरी को जनपद के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों, इंटर कॉलेजों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत विचार गोष्ठी, उनके जीवन पर चर्चा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे। अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जादुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) ने इस संबंध में गुरुवार को जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को पत्र सौंपा। जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को विद्यालयों, कॉलेजों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में नायक जादुनाथ सिंह का बलिदान दिवस मनाए जाने के निर्देश जारी किए।

## डीजे वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

### समय से पहुंची 102 एंबुलेंस ने अस्पताल में कराया भर्ती



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** अमौली थाना क्षेत्र के डिघरुवा गांव के समीप अज्ञात तेज रफ्तार डीजे वाहन ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। घायल अवस्था में इलाज के लिए जहानाबाद सीएचसी सरकारी एम्बुलेंस से पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर उपचार के बाद हालात गंभीर बताते हुए एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार अमौली थाना क्षेत्र के चौतारा गांव निवासी संगीता 26 वर्षीय पत्नी दीपक व दीपक 29 वर्ष बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। जब उनकी बाइक डिघरुवा गांव समीप पहुंची तो पीछे से आ रहे। तेज रफ्तार डीजे ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और बाइक सवार दोनों लोग गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना राहगीरों ने सरकारी 102 एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 102 एंबुलेंस के ईएमटी सीमा देवी व पायलट संदीप ने दोनों घायल को जहानाबाद अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

### पटाखा छुड़ाते किशोर झुलसा

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** सदर कोवातली क्षेत्र के पूर्वी पनी में गुरूवार की सुबह घर के बाहर पटाखा छुडाते समय 13 वर्षीय किशोर झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार पूर्वी पनी मोहल्ला निवासी रफी उल्ला का पुत्र आबिद सुबह लगभग 10 बजे घर के बाहर पटाखा छुडा रहा था। तभी वह बुरी तरह झुलस गया।

### नगर निगम ने वर्षों पुराना अतिक्रमण हटाया, नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** महानगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का सख्त रुख जारी है। गुरुवार को दिनांक 05 फरवरी 2026 को नगर निगम के प्रवर्तन दस्ता और संपत्ति विभाग के संयुक्त अभियान में जीआईसी तिराहा स्थितॅम् स्वअमॅीरींदचनत से लोधीपुर को जाने वाले मार्ग की दाहिनी पटरी पर एक ही परिवार के विभिन्न सदस्यों द्वारा वर्षों से किए गए अवैध अतिक्रमण को शांतिपूर्ण ढंग से हटवाया गया। अभियान के दौरान नगर आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और कार्रवाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान और अधिक सख्ती से चलाया जाए। नगर आयुक्त ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई इस भूमि को नगरवासियों के लिए सौंदर्यीकरण करते हुए विकसित किया जाएगा, ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान बिना किसी रुकावट के निरंतर जारी रहेगा।

### डिप्टी सीएम ने कार्यकर्ता बैठक में दिए टिप्स

## कार्यालय हमारा मंदिर, कार्यकर्ता हमारे देवता : केशव



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में कार्यकर्ताओं से भेंट की। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। डिप्टी सीएम ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के कोने कोने में भाजपा का परचम लहराने में पार्टी की राष्ट्रीय नीतियों के साथ ही एक एक कार्यकर्ता की वह शक्ति है जिसे वह दिन रात बिना किसी लोभ लालच के पार्टी को मजबूत करने में लगाता है। कार्यकर्ता हमारी अनमोल पूंजी है, उन्होंने कहा कि 2024 के बाद देशभर में पांच राज्यों में चुनाव हुए जिनमे हम चार राज्यों में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने में सफल हुए हैं। इसके पीछे आप कार्यकर्ताओं की ताकत ही संगठन को मजबूत प्रदान करता है। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल द्वारा गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी को अपनी मजबूत भूमिका निभानी चाहिए क्योंकि हमारे लिए एसआईआर का फुलफॉर्म सिर्फ भारतीय रहेंगे हैं। उक्त बैठक में जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक कृष्णा पासवान, राजेंद्र पटेल, विकास गुप्ता, जयकुमार सिंह जैकी,पूर्व मंत्री रणवेंन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, दिनेश बाजपेई, प्रमोद द्विवेदी, मुखलाल पाल, जिला महामंत्री महामंत्री पुष्पराज पटेल नीरज सिंह,उदय लोधी, जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ वर्मा, अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, शैलेन्द्र रघुवंशी, जिला मंत्री कुलदीप सिंह भदौरिया, मनोज मिश्रा मनु, रेखा मिश्रा, सुशीला मौर्या पुष्पा पासवान, मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह सुमित द्विवेदी उमेश गुप्ता, शुभम् तिवारी, विवेक श्रीवास्तव, मनोज गांधी, अभिजीत भारती, विजय प्रताप सिंह, अमित शिवहरे, जीतू सिंह गौतम, विकास पासवान, ज्योति प्रवीण, अजय सिंह रिंकू लोहारी, जसवंत गिहार सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी ब्लाक प्रमुख व पार्टी के जिला पंचायत सदस्य व कार्यकर्ता बंन्धु उपस्थित रहे।

### तहसीलवार लगेंगे प्री कैंम्प

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** जिला विकास अधिकारी ने बताया कि आयोजित होने वाले शिविर के आयोजन के पहले जनपद के विभिन्न स्थलों तहसील सदर में 06 फरवरी को प्रेक्षागृह में, 10 फरवरी को तहसील खागा में एवं 13 फरवरी को प्री-कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसका उद्देश्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं यथा निर्बल वर्ग, दिव्यांग, बच्चे, स्त्री, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जनजाति का चिन्हीकरण एंव पंजीकरण है तत्पश्चात 22 फरवरी को मेगा शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रत्येक पंजीकृत लाभार्थी को उन योजनाओं का लाभ वितरित किया जायेगा। जनपद के समस्त निवासियों से यह आग्रह है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुये बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्री-कैम्प में अपना पंजीकरण

## गलत इतिहास पढ़ाकर भारत की संस्कृति कमजोर की

**आगरा।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े आज केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा पहुंचे, जहां उन्होंने 71वीं अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय इतिहास, शिक्षा पद्धति और ज्ञान परंपरा को लेकर पश्चिमी दृष्टिकोण पर गंभीर सवाल उठाए। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने कहा कि भारत को वर्षों तक गलत इतिहास पढ़ाया गया, जिससे देश की मूल संस्कृति और ज्ञान परंपरा कमजोर हुई। उन्होंने कहा कि मैकाले की शिक्षा नीति ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था और संस्कृति को भारी नुकसान पहुंचाया, जिसके कारण लाखों गुरुकुल बंद हो गए और समाज अपनी जड़ों से दूर होता चला गया। राज्यपाल ने कहा कि हमें बताया गया कि न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण की खोज की, जबकि हमारे देश के ऋषि भारद्वाज ने सदियों पहले इसके महत्व को समझाया था। इसी तरह राइट बंधुओं को विमान का जनक बताया गया, जबकि ऋषि भारद्वाज के ग्रंथों में विमान विज्ञान का विस्तृत उल्लेख मिलता है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में एक भारतीय द्वारा 1500 फीट की ऊंचाई तक विमान उड़ाया गया था, लेकिन अंग्रेज इस तकनीक को अपने साथ ले गए। जब वे इसे समझ नहीं पाए तो इसे अमेरिका के साथ साझा कर दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि अकबर-जोधा की कहानी को फिल्मों और इतिहास में बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया गया, जबकि इसका कोई ठोस ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है। उन्होंने कहा कि तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालयों को जलाकर करीब नौ लाख पुस्तकों को नष्ट कर दिया गया। राज्यपाल बागड़े ने कहा कि प्राचीन काल में भारत में विज्ञान, चिकित्सा, तकनीक, भूगोल, आयुर्वेद, अंतरिक्ष विज्ञान सहित सभी विषयों का उच्च स्तर पर अध्ययन कराया जाता था, लेकिन इस गौरवशाली विरासत को योजनाबद्ध तरीके से भुला दिया गया।

### ट्राला में कार घुसने से युवक की मौत

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के समीप एनएच-2 में बुधवार की रात आगे जा रहे ट्राला द्वारा ब्रेक मार देने पर पीछे से आ रही कार जा घुसी जिससे 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार इटावा जनपद के थाना फ्रेन्डस कालोनी मोहल्ला उड्डा ऊसर निवसी अईवरन सिंह का पुत्र ऋषि अपनी चार पहिया से दोस्त को छोडने जनपद आया था। वापस लौटते समय जब वह टोल प्लाजा पंडित जी होटल के पास पहुंचा तभी आगे जा रहे ट्राला द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने पर अनियंत्रित होकर कार ट्राला में जा घुसी जिससे ऋषि की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## बाल वाटिका को सुदृढ़ बनाने के दिए टिप्स



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** ब्लाक संसाधन केंद्र शाह बहुआ में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के अंतर्गत उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे बुनियादी साक्षरता को सुदृढ़ करने हेतु प्री प्राइमरी के अंतर्गत बालवाटिका को सुदृढ़ बनाने हेतु आंगनबाडी कार्यकत्री, ईसीसीई एजुकेटर, नोडल शिक्षकों का संवेदीकरण एवं साक्षरता संवर्धन किया गया। बालवाटिका के निपुण बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किये गये।

कार्यक्रम में डायट मेंटर शाइस्ता इक़बाल, एसआरजी राजेश त्रिपाठी, सीडीपीओ रवि शास्त्री, एडीओ पंचायत विष्णु वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ बहुआ के अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह सेंगर, खण्ड शिक्षा अधिकारी बहुआ हौंसिला प्रसाद द्वारा कार्यक्रम के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये गये। इस अवसर पर पूर्व एआरपी रेनू सिंह, एआरपी अभिषेक कुमार, एआरपी राधेलाल, एआरपी संग्राम सिंह, नरेश कुमार तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ बहुआ के मंत्री संतोष कैथल, धीरेन्द्र सिंह, विमल कुमार, प्रभात कुमार, नीति सिंह, मोनिका वर्मा, सोनिया सिंह, वर्षा चौधरी, सविता, संजना, प्रियंका समेत कार्यालय के समस्त कर्मचारी व विकास खण्ड के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

### गरीबों के लिए नि:शुल्क चाय वितरण अभियान लगातार जारी

**खागा, फतेहपुर, (संवाददाता)।** विकास खंड विजयीपुर में अक्टूबर माह से लगातार चल रहे नि:शुल्क चाय वितरण अभियान की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है। इस सराहनीय पहल से ठंड के मौसम में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। ब्लाक प्रमुख पति आदित्य त्रिवेदी के नेतृत्व में संचालित इस नेक कार्य के तहत प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को नि:शुल्क चाय वितरित की जा रही है। आदित्य त्रिवेदी ने बताया कि ठंड की शुरुआत होते ही यह निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क चाय उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें ठंड से कुछ राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यह सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## सपाईयों ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का प्रयागराज से कानपुर जाते समय जिले में स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने एसआईआर के काम में विशेष कर फॉर्म 7 पर जिम्मेदारी के साथ डटे रहने नजर रखने और शिकायत करने तथा फॉर्म भर का डिटेल प्रदेश कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए।

प्रदेश अध्यक्ष को मौके पर मौजूद फॉर्म 7 की हार्ड कॉपी और उसका विवरण उपलब्ध कराया गया। कोरी समाज इंजीनियर सिद्धार्थ गौतम ने कबीर एकता महासभा की किताब भेंट की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पूर्व प्रमुख नंदकिशोर पाल, जिला सचिव हीरालाल साहू, बाबा साहेब वाहिनी के जिलाध्यक्ष डॉ. अमित पाल, बाबा साहेब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव फूल सिंह मौर्य, नागेंद्र यादव, सुहैल खान हेमू, वीरेंद्र यादव, डाक्टर सचान, आनंद गौतम, नीरजपाल, रामचंद्र पाल, इंद्राज पाल, दिलीप पाल, श्रीकांत पाल, दिनेश पाल बौरा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तहसील पहुंचे सपा नेता, मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप



**खागा, फतेहपुर, (संवाददाता)।** खागा तहसील पहुंचे पूर्व डीआईजी व पूर्व प्रत्याशी रामतीर्थ परमहंस ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि फॉर्म संख्या 7 के माध्यम से जिन मतदाताओं के नाम हटाने के लिए बीएलओ द्वारा सूची दी गई है, वे लोग अभी भी गांव में उपस्थित हैं। इस पूरे मामले की जानकारी उन्होंने उपजिलाधिकारी को दी। रामतीर्थ परमहंस ने कहा कि अपने वोट को लेकर मतदाता बेहद चिंतित और परेशान हैं। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पूरे विधानसभा क्षेत्र में इसी तरह मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया अपनाई गई है, तो यह कोई साधारण मामला नहीं बल्कि एक गंभीर, सुनियोजित साजिश और फर्जीवाड़ा प्रतीत हो रहा है। यह सीधे तौर पर संविधान और लोकतंत्र की हत्या साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता से उसका मतदान का अधिकार छीने जाने की पूरी तैयारी की जा रही है, जिसे समाजवादी पार्टी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगी। जनता के वोट को सुरक्षित करना समाजवादी पार्टी का संकल्प है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। सत्ता पक्ष की गतिविधियों को अब जनता भली-भांति समझ चुकी है और हर हाल में लोकतंत्र की रक्षा की जाएगी।

### खौलता तेल गिरने से हलवाई झुलसा

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** राधानगर थाना क्षेत्र के गाजीपुर बस स्टाप के समीप स्थित विवाह बैंकेट में गुरूवार की सुबह खौलती कढाई गिरने से से 37 वर्षीय हलवाई बुरी तरह झुलस गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अम्बेडकर नगर निवासी स्व0 कल्लू प्रसाद गुप्ता का पुत्र ब्रजेश गुप्ता हलवाई का काम करता है। गुरूवार की सुबह विवाह बैंकेट में खाना बनाते समय कढाई में खौल रहा तेज उसके ऊपर जा गिरा जिससे वह बुरी झुलस गया।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
दैनिक लखनऊ सुपरफास्ट खबरें
सबसे तेज, सबसे पहले


## पीलीभीत में विकास कार्यों में करोड़ों का घोटाला

# टीएसी टीम की जांच में मिलीं भारी खामियां, पालिका प्रशासन पर सवाल



पीलीभीत नगर पालिका परिषद में विकास कार्यों में करोड़ों रुपये के कथित भ्रष्टाचार की जांच शुरू हो गई है। शहर में नेहरू पार्क सौंदर्यीकरण, नाला निर्माण और स्ट्रीट लाइट परियोजनाओं में अनियमितताओं की शिकायतों के बाद तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) की टीम ने जांच शुरू की है। टीम की शुरुआती जांच में ही बड़े पैमाने पर खामियां सामने आई हैं। इन खुलासों से पालिका प्रशासन और संबंधित ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। जांच टीम ने सबसे पहले नेहरू पार्क का निरीक्षण किया। इस पार्क के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए 1.92 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया था। आरोप है कि निर्माण में मानक विहीन सामग्री का उपयोग किया गया। टीएसी टीम को निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कई तकनीकी खामियां मिलीं। यह बात सामने आ रही है कि पार्क के सौंदर्यीकरण के नाम पर केवल कागजों पर और दिखावटी कामों में बजट खर्च किया गया। भ्रष्टाचार के आरोप केवल नेहरू पार्क तक ही सीमित नहीं हैं। शहर में हुए 9 करोड़ रुपये के नाला निर्माण और 3 करोड़ रुपये की स्ट्रीट लाइट योजना पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। शहर को रोशन करने के लिए 3 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन आज भी शहर के कई इलाके अंधेरे में डूबे हैं। अधिकांश लाइटें लगने के कुछ ही समय बाद खराब हो गईं, जो उनकी घटिया गुणवत्ता को दर्शाती हैं। सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि पीलीभीत नगर पालिका में उन फर्मों से करोड़ों का काम कराया गया, जो पहले से ब्लैकलिस्ट (काली सूची) में दर्ज थीं।

**चेयरमैन और ठेकेदार पर भ्रष्टाचार के आरोप**

इस पूरे प्रकरण में नगर पालिका चेयरमैन आस्था अग्रवाल और संबंधित ठेकेदार सीधे निशाने पर हैं। आरोप है कि पालिका प्रशासन की नाक के नीचे विकास के नाम पर सरकारी धन की जमकर लूट की गई। टीएसी की टीम ने निर्माण कार्यों के सैंपल लिए हैं और फाइलों की बारीकी से जांच की जा रही है। विकास की आड़ में जनता की गाढ़ी कमाई का बंदरबांट बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टीएसी की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

## चाइनीज मांझे पर अमेठी पुलिस अलर्ट, पतंग दुकानों पर सीओ ने पुलिस बल के साथ जांच की



**माता प्रसाद शुक्ल जिला संवाददाता अमेठी।** सीओ मनोज कुमार मिश्र ने पुलिस टीम के साथ दुकानों पर मौका मुआयना किया। श्री मिश्र ने पुलिस टीम के साथ दुकानों पर मौका मुआयना किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर अमेठी कोतवाली पुलिस ने चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पतंग बेचने वाली दुकानों को चिन्हित कर उनके यहां औचक निरीक्षण और छापेमारी की गई। सीओ अमेठी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में अमेठी कोतवाली पुलिस टीम ने कस्बे के गंगागंज मोहल्ले सहित अन्य संभावित इलाकों में पतंग की दुकानों पर पहुंचकर गहन जांच की।

पुलिस ने दुकानों में रखे गए मांझे की किस्म, पैकिंग और भंडारण की बारीकी से जांच की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री या स्टॉक न किया जा रहा हो। जांच के दौरान किसी भी दुकान पर चाइनीज मांझा नहीं पाया गया। सीओ मनोज कुमार मिश्रा ने दुकानदारों से संवाद करते हुए उन्हें सख्त चेतावनी दी कि चाइनीज मांझे की बिक्री कानूनन अपराध है। भविष्य में यदि कहीं भी इसकी बिक्री या भंडारण पाया गया तो संबंधित दुकानदार के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों को यह भी बताया कि चाइनीज मांझा न केवल मानव जीवन बल्कि पक्षियों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी बेहद खतरनाक है। इसे देखते हुए पुलिस लगातार ऐसे अभियान चलाती रहेगी। साथ ही आमजन से भी अपील की गई कि यदि कहीं चाइनीज मांझे की बिक्री की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। अमेठी पुलिस के इस अभियान से जिले में सुरक्षा को लेकर सख्त संदेश गया है और पतंग कारोबार से जुड़े दुकानदारों में नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

## जौनपुर में 22 फरवरी को जुटेगा सोशलिस्ट कार्यकर्ताओं का रेला



लखनऊ सुपरफास्ट राकेश चौधरी ब्यूरो बस्ती प्रदेश की राजनीति में अपनी सक्रियता बढ़ा रही आम जनता पार्टी सोशलिस्ट आगामी 22 फरवरी को जौनपुर में बड़ी ताकत झोंकने की तैयारी में है। जौनपुर के जफराबाद के हौज स्थित शहीद स्मारक के पास शुक्रवार को हुई बैठक में जिला कार्यकर्ता महासम्मेलन की रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि 22 फरवरी का यह सम्मेलन जनहित की आवाज को सत्ता के गलियारों तक पहुँचाने का शंखनाद होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाएं। जिला अध्यक्ष सूरज चौहान ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर जनसंपर्क तेज करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला प्रवक्ता प्रेमचंद चौहान, मास्टर टिल्लू चौहान और कवि नगीना चौहान ने सफल आयोजन के लिए साझा रणनीति पेश की। बैठक में बस्ती जिला अध्यक्ष रमेश चौहान, लवकुश चौहान और मीडिया प्रभारी चंद्रकांत सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लावारिस हालत में छतिग्रस्त पड़ी मिली बाइक



**लखनऊ सुपरफास्ट अटरिया सीतापुर।** हाईवे पर कस्बे में लावारिस हालत में छतिग्रस्त पड़ी मिली बाइक। बताते चलें कि शुक्रवार की सुबह एक एचएफ डीलक्स बाइक संख्या यूपी 32 जीएक्स 8648 कस्बे के नई बाजार के निकट हाईवे पर छतिग्रस्त पड़ी मिली ग्रामीणों ने बाइक को सड़क से हटाकर डिवाइडर पर रख दिया लोग कयास लगा रहे हैं कि बाइक सडक हादसे का शिकार हुई है चालक ज़ख्मी होगा। फिलहाल अटरिया पुलिस जांच कर रही है।

## पं. दीनदयाल इंटर कॉलेज के एनएसएस शिविर का तीसरा दिन

### मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का दिया संदेश




**जिला संवाददाता सत्य प्रकाश प्रकाश दुबे महराजगंज।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) समाज में सहयोग की भावना को सशक्त करने, सामाजिक असमानताओं को कम करने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। सेवा भाव को जीवन का हिस्सा बनाकर व्यक्ति न केवल अपने व्यक्तित्व का विकास करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी सकारात्मक योगदान देता है। यह विचार पं. दीनदयाल इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नेहरू नगर पिपरदेउरा में आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन आयोजित बौद्धिक सत्र के उद्घाटन अवसर पर संस्था के डायरेक्टर एवं मुख्य अतिथि दुर्गेश सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुभवों से सीखना तथा समय के साथ सकारात्मक बदलाव को स्वीकार करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अभय प्रताप मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में अध्ययन के साथ-साथ देश के प्रति सेवा भावना और सामाजिक सहयोग का संस्कार विकसित करती है। उन्होंने स्वयंसेवियों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहते हुए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वयंसेविका दीपाली पटेल एवं उनके साथियों द्वारा सरस्वती वंदना तथा मुस्कान यादव एवं उनके साथियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिदिन की भांति लक्ष्य गीत एवं योग अभ्यास के साथ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र वर्मा एवं राकेश सहानी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। रैली नेहरू नगर पिपरदेउरा से उद्योग चौराहा होते हुए चिउरहा गांव से गुजरकर शिविर स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान स्वयंसेवियों ने बैनर-पोस्टर के माध्यम से डोर-टू-डोर जाकर ग्रामीणों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। रैली में पहले मतदान, फिर जलपान और छोड़ो अपने सारे काम, पहले करो मतदान जैसे नारों के माध्यम से आगामी चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की गई। रैली के उपरांत कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जागरूक मतदाता देश की सबसे मजबूत नींव होते हैं। भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार का विवेकपूर्ण एवं जिम्मेदार प्रयोग ही सशक्त लोकतंत्र की सच्ची पहचान है। कार्यक्रम में स्वयंसेवियों सपनिका, अंजली, प्रियंका, अनुष्का यादव, प्रतिभा, आदित्य, मारूफ, कैफ, अंकित सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## पुलिस लाइन में एसपी अभिषेक भारती ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी, विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण



**औरैया ब्यूरो दिलीप कुमार औरैया।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती द्वारा पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। इस दौरान एसपी ने विभिन्न इकाइयों मेस, यूपी-112, परिवहन शाखा, शस्त्रागार, क्वार्टर गार्ड आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अजीतमल सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में फ़ॉर्म–7 के नाम पर बड़े पैमाने पर साज़िश का आरोप, निष्पक्ष जाँच की मांग को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित



**पूरनपुर।** आज समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार राजू ने 129 विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के विभिन्न बूथों का दौरा कर मतदाताओं की वास्तविक स्थिति का जायज़ा लिया एवं इसके बाद अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेस आयोजित की इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करतें हुए उन्होंने कहा की निरीक्षण के दौरान लगभग प्रत्येक बूथ पर संबंधित बीएलओ के पास 250 से 450 तक भरे हुए फ़ॉर्म-7 पाए गए। प्रारंभिक तौर पर इन फ़ॉर्मों में दर्ज अधिकांश आपत्तियाँ संदिग्ध एवं फर्जी प्रतीत होती हैं, जिससे मतदाता सूची में छेड़छाड़ की गंभीर आशंका उत्पन्न होती है। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि बड़ी संख्या में आपत्तियाँ एक ही व्यक्ति के नाम से दर्ज कराई गई हैं, जबकि दूरभाष पर बातचीत के दौरान संबंधित व्यक्ति ने स्वयं ऐसी किसी भी आपत्ति को करने से स्पष्ट इनकार किया। इससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि यह पूरा मामला सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित करने की नीयत से किया गया प्रयास है। ज्ञातव्य है कि एक फ़ॉर्म-7 को सही तरीके से भरने में पर्याप्त समय और प्रक्रिया लगती है। इसके बावजूद सैकड़ों की संख्या में प्रिंटेड फ़ॉर्मों का एक साथ मिलना स्वाभाविक नहीं माना जा सकता। यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था, निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया तथा मतदाता अधिकारों के विरुद्ध रची गई एक गंभीर साज़िश की ओर संकेत करती है। इसी गंभीर विषय को लेकर आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए निम्न प्रमुख मांगें रखी गईं– सभी संदिग्ध एवं सामूहिक रूप से भरे गए फ़ॉर्म-7 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जाँच कराई जाए। इस साज़िश में शामिल व्यक्तियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी और पारदर्शिता को और मजबूत किया जाए। स्पष्ट रूप से कहा गया कि मतदाता अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जनता के मतदान अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा इस दौरान उन्होंने कई तथ्यों को प्रस्तुत कर पीड़ितों को भी पत्रकारों के सामने पेश किया प्रेस कांफ्रेस के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक अरशद खान,पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव,विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव,सछास के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी ,वरिष्ठ सपा नेता ओम शर्मा आदि सपाइयों की उपस्तिथि रही।

## जसजीत कौर द्वारा आज अपने कार्यालय कक्ष में नेशनल मास्टर्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता तरुण कुमार को बधाई देते हुए सम्मानित किया




**संदीप उपाध्याय दैनिक लखनऊ सुपरफास्ट जिला ब्यूरो चीफ बिजनौर।** उन्होंने तरुण कुमार की मेहनत, अनुशासन और प्रेरणादायक प्रदर्शन की सराहना की। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि बिजनौर के पूर्व सैनिक हवलदार तरुण कुमार ने जिले और प्रदेश का नाम रोशन करते हुए 46वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 में 110 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा तिरुवनंतपुरम (त्रिवेन्द्रम) में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग 40+ आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए हवलदार तरुण कुमार ने 17.14 सेकंड का शानदार समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ अब वे अगस्त 2026 में दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## पीलीभीत समाज वादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने मंडल आयुक्त बरेली कोओर से फॉर्म–7 की गड़बड़ी को लेकर ज्ञापन सौंपा गया






एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में जिला प्रशासन एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री जगदेव सिंह 'जग्गा' जी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर के नाम पर फॉर्म-6 एवं फॉर्म-7 का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फर्जी प्री-प्रिंट फॉर्म और फर्जी शिकायतकर्ताओं के माध्यम से विशेष समुदाय के लोगों के वोट अवैध तरीके से कटवाने का दबाव बनाया जा रहा है। जबकि एसआईआर की प्रक्रिया के तहत पुनरीक्षण केवल 2003 की मतदाता सूची एवं वैध दस्तावेजों के आधार पर ही किया जाना चाहिए। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी बूथ पर दो महीने की अवधि में मृत मतदाताओं की संख्या सामान्यतः 4 या 5 से अधिक नहीं हो सकती। यदि किसी बूथ पर इससे अधिक वोट काटे गए हैं, तो यह सीधे तौर पर अवैध रूप से वोट कटवाने की ओर इशारा करता है, जिस पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया को पारदर्शी और नियमों के अनुरूप तरीके से पूरा नहीं किया गया, जिससे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हुआ है। इस पूरे मामले को लेकर सपा जिलाध्यक्ष श्री जगदेव सिंह 'जग्गा' जी एवं बीसलपुर की पूर्व प्रत्याशी श्रीमती दिव्या पी. गंगवार जी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच कराने तथा अवैध रूप से काटे गए वोटों को तत्काल बहाल करने की मांग की। जिसमें मुख्य रूप से दिव्या गंगवार प्रदीप चौधरी अमित पाठक एडवोकेट रूप लाल गंगवार भगवान दास वर्मा समेत कई कार्यकर्ता हुआ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पूरनपुर के औद्यानिक उत्पादन एवं विवणन



पूरनपुर के औद्यानिक उत्पादन एवं विवणन सहकारी समिति इंद्रानगर पर आगामी बसंतकालीन गन्ना बुआई के अंतर्गत एक नैनो उर्वरको के प्रयोग एवं जागरूकता हेतु किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इफको क्षेत्र अधिकारी श्री दीपक चौधरी ने बताया कि नैनो डीएपी से गन्ना के बीज पर स्प्रे करके करके 30- 40 मिनट तक छायादार स्थान पर सुखाकर बुवाई करने एवं एनपीके या डीएपी की मात्रा आधी करके बुवाई करे जिससे कि किसानों की लागत कम होगी और अधिक जमाव एवं फुटाव होगा। उन्होंने आगे कहा कि किसानों को कभी भी खड़ी फसल पर दानेदार फास्फेटिक उर्वरकों का प्रयोग नहीं करना चाहिए,उनकी जगह पर आज के स्मार्ट उर्वरक, नैनो उर्वरकों का प्रयोग किया जाए। किसानों को अपनी मृदा का परीक्षण अवश्य ही कराना चाहिए जिससे की पता चल सके की हमारी फसल को किस पोषक तत्व की आवश्यकता है उसी आधार पर पोषक तत्व फसल को आपूर्ति किया जाए। नैनों ज़िंकि, कॉपर, एनपीके कंसोर्टिया के इस्तेमाल की सही विधि और होने वाले लाभ की जानकारी किसानों भाइयों को दी। इस कार्यक्रम में एसएफए अंकुर कुमार के द्वारा न्यूट्रैक्स जल विलय उर्वरकों के बारे में किसानों को बताया गया कार्यक्रम के अंत में किसानों को निःशुल्क बायो डीकंपोजर का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 किसान उपस्थित रहे।

# चायनीज़ मांझे की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने चलाया अभियान

### लखनऊ घटना के बाद सीएम के सख्त निर्देश पर कार्रवाई





**ब्यूरो उन्नाव उमेश शुक्ला लखनऊ सुपरफ़ास्ट।** उन्नाव के बाद लखनऊ में भी चायनीज़ मांझे से हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बाद, प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के कड़े निर्देशों का पालन करते हुए, उन्नाव पुलिस ने चायनीज़ मांझे के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में, शुक्रवार को उन्नाव सदर क्षेत्र में चायनीज़ मांझे के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजारों, पतंग की दुकानों और अन्य संदिग्ध स्थानों पर गहन जांच की गई। पुलिस टीम ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कहीं भी प्रतिबंधित चायनीज़ मांझा पाया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष अभियान का नेतृत्व स्वयं सीओ सिटी विनी सिंह ने किया। वे पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहीं और चेकिंग की निगरानी की। पुलिस टीम ने न केवल दुकानों की जांच की, बल्कि स्थानीय लोगों को भी चायनीज़ मांझे से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने बताया कि यह मांझा बेहद खतरनाक होता है, जिससे गंभीर चोटें और कई मामलों में मौत तक हो सकती है। सीओ सिटी विनी सिंह ने बताया कि उन्हें उच्चाधिकारियों से पूरे प्रदेश में चायनीज़ मांझे के खिलाफ सघन अभियान चलाने के स्पष्ट निर्देश मिले हैं। इसी के तहत उन्नाव में भी संभावित स्थानों पर चेकिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक जांच के दौरान कहीं से भी चायनीज़ मांझा बरामद नहीं हुआ है, जो एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है। इसके साथ ही लोगों को जागरूक किया गया है कि इस मांझे से किस तरह की गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं और अगर कोई इसका इस्तेमाल या बिक्री करता पाया गया तो उस पर क्या जुर्माना और दंड का प्रावधान है। यह पूरी तरह प्रतिबंधित है और पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## संत से पूछिये क्रोध क्या होता है

जीत हार का तजुर्बा अजीब होता है,
जीत पर सारी दुनिया गले लगाती है,
हार के बाद तो नज़दीक नहीं आती है,
बल्कि अनावश्यक मुँह चिढ़ाती है।

असफलता पर कोई साथ खड़ा हो,
कंधे पर प्यार भरा हाथ रखा हो,
वही तो एक सच्चा मित्र होता है,
अन्यथा तो स्वार्थ का साथ होता है।

सन्त से पूछिए क्रोध क्या होता है
उसका उत्तर होगा, ये वह दण्ड है,
जो दूसरों द्वारा गलती करने पर भी
स्वयं को ही स्वयं दिया जाता है।

हम बड़ा होने का प्रयत्न करते हैं,
पर अक्सर हम यह भूल जाते हैं,
कि जिसने हमको बड़ा किया है,
हम उस से बड़े कैसे हो सकते हैं।

स्वार्थपरता का पता तो किसी के
नज़दीक जाने पर ही चल पाता है,
आदित्य स्वार्थहीन इंसान तो दूर
रहकर भी नज़दीक ही लगता है।

विद्यावाचस्पति डा0 कर्नल
आदिशंकर मिश्र 'आदित्य' लखनऊ

दैनिक लखनऊ सुपरफास्ट खबरें
उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित
सबसे तेज, सबसे पहले


# मेरे बदलाव की कहानी और कॉमिक्स गतिविधियों में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## जनपद स्तरीय बाल उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता

**औरैया ब्यूरो दिलीप कुमार अछल्दा/औरैया।** शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) अछल्दा के सभागार में प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 जनपद स्तरीय बाल उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी अछल्दा प्रवीण कुमार एवं जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) रक्षा चौहान ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसए संजीव कुमार ने कहा, ÷बाल उत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और



अभिव्यक्ति क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। मेरे बदलाव की कहानी और कॉमिक्स बुक जैसी गतिविधियों से बच्चों में सामाजिक सरोकारों की समझ विकसित होती है। हमारा प्रयास है कि ऐसे मंचों के माध्यम से बालिकाओं सहित सभी बच्चों को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। बाल उत्सव के अंतर्गत जिले के समस्त विकास खंडों से आए लगभग 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिला नोडल बालिका शिक्षा एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 30 बच्चों ने मेरे बदलाव की कहानी विषय पर तथा 30 बच्चों ने कॉमिक्स बुक आधारित चार्ट-पोस्टर पर रचनात्मक कार्य किया। दोनों ही प्रतियोगिताओं से चयनित 5-5 बच्चों को मंडल स्तर पर प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मीना मंच के माध्यम से बच्चों ने बालिका सशक्तिकरण से जुड़े अपने अनुभवों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। सभी प्रतिभागी बच्चों ने दोनों विषयों पर उत्साहपूर्वक कार्य किया। कार्य का अनुश्रवण जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर महेश शर्मा एवं सत्यम द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) रक्षा चौहान ने बताया कि जनपद स्तर से चयनित प्रतिभागी मंडल स्तर पर औरैया जनपद का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में डीसी कुलदीप सचान, मयंक उदेनिया, एआरपी अमित पाल, अनुपम कुशवाहा, प्रवेश कुमार, नोडल शिक्षक संकुल कौशलेंद्र यादव सहित विभिन्न विकासखंडों से आये सुगमकर्ता शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# स्प्रिंगडेल कॉलेज, पीलीभीत में आयोजित हुई शतरंज प्रतियोगिता

पीलीभीत स्प्रिंगडेल कॉलेज, माधोटांडा रोड, पीलीभीत में दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में जनपद के अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभाग किया। प्रतियोगिता में 150 से अधिक बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथिगणों तथा गणमान्य पदाधिकारियों विद्यालय के कार्यकारी निदेशक डॉ हेमन्त जगोता जी एवं उपप्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार यादव को कार्ड देकर स्वागत करने से हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यन्त उपयोगी खेल है। इससे बच्चों का मस्तिष्क तीव्र होता हैं। प्रतियोगिता संचालक ने बताया कि प्रतियोगिता कुल 6 वर्गो में विभाजित करके संपन्न




करवाई गई। प्रतियोगिता में स्प्रिंगडेल कॉलेज, स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल, लिटिल एंजल स्कूल, लायंस बाल विद्या मन्दिर, इनीशियम ग्लोबल स्कूल आदि स्कूलों के दाउद, रोहित, वंशिका, पलक, शौर्य, विहान, कुशाग्र, राघव, कौशतुम, लक्षिका, मयंक, आयुष, अनिकेत, अनंत, आरव, पानव, वासुदेव, आराध्या, उत्कर्ष, अदव्य, अभियान आदि बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।प्रतियोगिता के प्रथम दिन सभी वर्गो के क्वार्टर फाइनल मैच तक सम्पन्न कराया गया। सेमीफाइनल में चयनित विद्यार्थी प्राइमरी वर्ग बालिका में आराध्या, कैलिश, अवरीत कौर, बंधन, बालको में अभिराज, अब्दुल्ला, सार्थ, अदम्य। जूनियर वर्ग बालिका में लक्षिता, देवांशी, नमामि, अंशिका, बालकों में कौशतुभ, लक्ष्य, राघव, सौरीश। सीनियर वर्ग में मयंक, पानव, अजान, मो0 सुव्हान सम्मिलित हैं। सभी वर्गो के सेमीफाइनल तथा फाइनल मैच कल दिनांक 07/02/2026 को विद्यालय परिसर में सम्पन्न कराये जायेंगें।

# जहांगीराबाद में बिक रही है बेखौफ नकली शराब

### युवक की आत्महत्या के बाद हंगामा, आहार बाईपास रोड पर जाम अवैध रूप से बिक रही शराब बनी मौत की वजह!



**जहांगीराबाद (बुलन्दशहर)।** नगर के मौहल्ला जटियान में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। मृतक की पहचान नीतू पुत्र जगदेव 30 वर्ष निवासी मौहल्ला जटियान, जहांगीराबाद के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि मौहल्ले का ही रहने वाला युवक दामोदर बीते कई वर्षो से अवैध रूप से शराब बेच रहा है। मृतक इसी अवैध शराब का लगातार सेवन करता था, जिसके चलते वह मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान रहने लगा था। परिजनों का कहना है कि इसी अवैध शराब की लत ने युवक को आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने आहार बायपास रोड पर जाम लगा दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर तनाव का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके के लिए रवाना हो गई है। पुलिस द्वारा लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा है और मामले की जांच का आश्वासन दिया गया है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं अवैध शराब बिक्री के आरोपों की भी जांच की जा रही है। यह मामला एक बार फिर क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार और उससे जुड़ी सामाजिक समस्याओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# उन्नाव में विकसित हो रहे श्री राम प्लेज पार्क सहजनी का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण




**ब्यूरो उन्नाव उमेश शुक्ला लखनऊ सुपरफ़ास्ट।** शुक्रवार को जिलाधिकारी से गौरांग राठी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की योजना अंतर्गत उन्नाव में विकसित हो रहे श्री राम प्लेज पार्क सहजनी का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्लेज पार्क के प्रवर्तक राजीव किशोर भारतीय द्वारा जिलाधिकारी को प्लेस पार्क के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई। बताया कि प्लेज पार्क कुल 10.3 एकड़ में विकसित किया जा रहा है जिसमे कुल 37 भूखंड है तथा विद्युत आपूर्ति हेतु इंडिपेंडेंट फीडर से 2000 किलोवाट की इलेक्ट्रिक की आवश्यकता है। विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के कारण प्लेस पार्क में विकास कार्य में वांछित गति नहीं हो पा रही है । जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर से प्रकरण का निराकरण जल्द से जल्द सुनिश्चित कराया जाए। कहा कि इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो । कहा कि सरकार की निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की योजना में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना हो गंभीरता से संज्ञान लेकर संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक दशा में सभी समस्याओं का निराकरण कराया जाए। निरीक्षण के इस अवसर पर उप जिला अधिकारी सदर क्षितिज कुमार सहायक उपायुक्त उद्योग तथा उसमें उद्मी मित्र उपस्थित रहे।

# ट्यूबवेल के बरामदे में लिपिक का शव मिलने से सनसनी



**ब्यूरो राकेश चौधरी बस्ती।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पिलखाव गांव में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव के सिवान में स्थित एक बंद पड़े ट्यूबवेल के बरामदे में 55 वर्षीय अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। मृतक की पहचान गांव के ही रामसागर तिवारी के रूप में हुई है। वह उद्योग विभाग में कनिष्ठ लिपिक के पद पर तैनात थे। परिजनों के मुताबिक, रामसागर शुक्रवार सुबह घर से खेत की फसलों को देखने के लिए निकले थे, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी वापस नहीं लौटे। अनहोनी की आशंका में जब खोजबीन शुरू हुई, तो सिवान में स्थित एक ट्यूबवेल बरामदे में उनका शव मिला। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही कप्तानगंज पुलिस मौके पर पहुँची। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस संभावित पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# माहुल आजमगढ़ में राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर जयंती समारोह




**संवादाता - मांतेश्वरी (सिंह)।** चलो चले- माहुल,आजमगढ़ दिनांक 22 फरवरी 2026 दिन रविवार को सुनिश्चित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि, मां0 उ0प्र0सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर उपस्थित होंगे राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर अमर रहे,भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद जिंदाबाद कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर जिंदाबाद जिंदाबाद जय हिंद जय भारत जय समाज विशेष मैं पांचू राजभर बीजेपी नेता राजापुर कमौली वाराणसी मोबाइल नंबर-726787 2164 ,9235501492,, सर्वप्रथम मीडिया प्रभारी एस,बी, सिंह (निडर) एवं आपके सहयोगी मीडिया बंधु व सम्मानित, जनतागण, अंतः सम्मानित नेतागण, स्थान - माहुल आजमगढ़ दिनांक 22 फरवरी 2026 दिन रविवार को आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू

# 10 से 28 फरवरी तक चार ब्लॉकों में चलेगा एमडीए/आईडीए कार्यक्रम

**ब्यूरो उन्नाव उमेश शुक्ला लखनऊ सुपरफ़ास्ट।** उन्नाव में फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में, जनपद के चार विकास खंडों - बीघापुर, गंजमुरादाबाद, पुरवा और सुमेरपुर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एमडीए आईडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन इंटीग्रेटेड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित होगा। कार्यवाहक मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) एच. एन. प्रसाद ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया रोग की रोकथाम और इसके स्थायी उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कदम उठाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है। समय पर उपचार न मिलने पर



यह हाथीपांव जैसी विकृत स्थिति उत्पन्न कर सकती है, इसलिए निर्धारित दवाओं का सेवन अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान से पहले ही जनपद में व्यापक जनसंवेदीकरण किया जा रहा है। आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम और स्वास्थ्य स्वयंसेवक गांव-गांव तथा घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव, दवा सेवन की उपयोगिता और इसके लाभों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। साथ ही, यह भी समझाया जा रहा है कि दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और चिकित्सकीय देखरेख में दी जाती हैं। सीएमओ एच. एन. प्रसाद ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी जाने वाली दवाओं का सेवन अवश्य करें और किसी भी प्रकार की भ्रांति या अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाएं, दो वर्ष से कम आयु के बच्चे और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर अन्य सभी पात्र लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग यह भी सुनिश्चित कर रहा है कि अभियान के दौरान सभी बूथों और घर-घर भ्रमण करने वाली टीमों को आवश्यक दवाएं, प्रशिक्षण और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए जाएं। अधिकारियों के अनुसार, जनसहयोग से ही फाइलेरिया मुक्त उन्नाव का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। यह अभियान जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है।

# उन्नाव पुलिस को मिली सफलता: चोरी की सुपर स्प्लेंडर बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल




**उन्नाव।** जनपद में अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक उन्नाव द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, आसिवन थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

**क्या है पूरा मामला?**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 05.02.2026 की रात करीब 08:38 बजे, आसिवन थाना पुलिस की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना और सघन चेकिंग के चलते कुल्हा अटौरा मोड़ के पास से एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से एक सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नंबर- क्क35ङ्ग1458 बरामद हुई। जांच में पता चला कि यह बाइक थाना आसिवन में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 26/2026 धारा 303(2) ब्नहृस् से संबंधित चोरी की गई बाइक है।

**अभियुक्त का विवरण**

गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान जीतू पाल उम्र करीब 24 वर्ष, पुत्र स्व. रामू पाल के रूप में हुई है। वह उन्नाव जिले के थाना आसिवन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोडवा खेड़ा का रहने वाला है।

**पुलिस की कार्यवाही**

बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) ब्नहृस् की बढ़ोतरी की है। विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में भेज दिया है।

# उपनिरीक्षक से निरीक्षक बनने पर नवागंतुकपुलिस अधीक्षक द्वारा स्टार लगाकर दी गयी पदोन्नति की शुभकामनाएं दी



**संजय शुक्ल संवाददाता अमेठी।** नवागंतुकपुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने थाना पीपरपुर में नियुक्त उपनिरीक्षक पदोन्नत होकर निरीक्षक बने रामचेत यादव को स्टार लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं बताया कि आज से पुलिस विभाग व समाज के प्रति आपका दायित्व एवं कर्तव्य और बढ़ गया है, जिसे और जिम्मेदारी के साथ निभाकर अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करना है । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षार्थियों ने तेज की अंतिम तैयारी, मॉडल पेपर बने सारथी

**जहांगीराबाद।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तिथि नजदीक आते ही छात्र-छात्राओं ने अंतिम तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा से पूर्व का समय अब पूरी तरह रिवीजन, मॉडल पेपर और महत्वपूर्ण प्रश्नों के अभ्यास को दिया जा रहा है। स्कूलों व कोचिंग संस्थानों में भी विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न के अनुरूप मार्गदर्शन दिया जा रहा है। बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर मार्च तक संचालित होंगी। इसे लेकर परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं। प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाया गया है। केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी सुनिश्चित कर ली गई है। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षाएं नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएंगी। छात्र इस समय विशेष रूप से गणित, अंग्रेजी, विज्ञान जैसे विषयों पर फोकस कर रहे हैं, जब कि हिंदी व अन्य विषयों में व्याकरण, मैप व डायग्राम आधारित प्रश्नों का अभ्यास किया जा रहा है। मॉडल पेपर हल करने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

**हाईस्कूल**

सिलेबस पूरा हो चुका है। अब रोज मॉडल पेपर हल कर समय प्रबंधन और प्रश्न चयन का अभ्यास कर रही हूं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ा है।

**यशिका, कक्षा 10**

गणित में अच्छे अंक लाने के लिए हर प्रश्न को विस्तार से हल करने का अभ्यास कर रहा हूं, ताकि स्टेप मार्किंग का पूरा लाभ मिल सके।

**देव बंसल, कक्षा 10**

**इंटरमीडिएट**

विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में डायग्राम व मैप आधारित प्रश्नों की विशेष तैयारी कर रही हूं। अंतिम दिनों में रिवीजन से काफी मदद मिल रही है।

**मानसी, कक्षा 12**

हिंदी सहित अन्य विषयों में व्याकरण और उत्तर लेखन शैली पर ध्यान दे रहा हूं। मुख्य बिंदुओं को हाईलाइट कर लिखने का अभ्यास कर रहा हूं।

**निशांत, कक्षा 12**

# शहर के प्रमुख चौराहों पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, यातायात व्यवस्था में सुधार



**औरैया ब्यूरो दिलीप कुमार।** शहर के प्रमुख चौराहों पर लगातार लग रहे जाम को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी राम आसरे कमल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। एसआई आशीष पांडे के नेतृत्व में नगर पालिका टीम ने प्रमुख चौराहों, मुख्य सड़कों और फुटपाथों पर अवैध रूप से लगे ठेलों, दुकानों के बाहर रखे सामान तथा अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया। अतिक्रमण के कारण शहर की यातायात व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही थी। अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा सड़क या फुटपाथ पर अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के बाद प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था में सुधार देखा गया। नगर पालिका परिषद ने आगे भी इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।

# 1 फरवरी, 2026 को गोवा में शोथीम प्रोडक्शन ने स्वदेश न्यूज़ चैनल के सहयोग से पैलेस ऑफ मशीनिज़ थिएटर, पणजी, गोवा में

### प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड और प्राइड ऑफ गोवा अवार्ड 2026 का दूसरा सत्र आयोजित किया

इस पुरस्कार समारोह का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सम्मानित करना है जिन्होंने समाज, अपने पेशे और अपने राज्य या राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। इस कार्यक्रम का संचालन और प्रबंधन शोथीम प्रोडक्शन के प्रबंध निदेशक और स्वदेश न्यूज़ चैनल के महाराष्ट्र और गोवा ब्यूरो प्रमुख संजीव कुमार ने किया। शानदार प्रबंधन शोथीम प्रोडक्शन की निदेशक श्रीमती सिया ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोवा के कला, संस्कृति, खेल और युवा मामलों के मंत्री माननीय कैबिनेट मंत्री श्री. रमेश तावडकर जी थे। जबकि विशिष्ट अतिथि स्वदेश न्यूज़ सैटेलाइट टीवी चैनल के चैनल प्रमुख श्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव थे। सम्मानित अतिथि मुंबई के एसीपी श्री संजय पाटिल थे। प्राइड ऑफ इंडिया खंड में कई व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिनमें नीता दीप बाजपेयी (सर्वश्रेष्ठ उद्यमी 2026), जो एक अंतरराष्ट्रीय पशु उत्पाद शिल्पकार हैं, और डॉ. नेहा शर्मा



चौधरी (उत्कृष्ट शिक्षाविद पुरस्कार 2026), जो ऑक्सफोर्ड-इंदौर अंतरराष्ट्रीय कॉलेज में समूह विपणन निदेशक हैं, शामिल हैं। अजय प्रताप सिंह (सर्वश्रेष्ठ पत्रकार), संयुक्त सचिव एवं कार्यकारी संपादक, मध्य प्रदेश प्रेस क्लब), दीपक देसाई - सर्वश्रेष्ठ लेखक, कवि, गीतकार, निर्माता एवं अभिनेता 2026, श्री नीलेश मनोहर मुंगेकर को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक एवं निर्माता का पुरस्कार, मोहम्मद इरफान (वर्ष 2026 के सर्वश्रेष्ठ उद्यमी), और विराज कामत को गोवा में सर्वश्रेष्ठ पत्रकार का पुरस्कार मिला। सुपरमॉडल और मिसेज इंडिया एलिजा बेनारजीर तथा बॉलीवुड डिजाइनर नाजिया धामिया को एक मिनट में कई बार कपड़े बदलने के लिए सम्मानित किया गया है। दोनों को यूएसए में विश्व रिकॉर्ड बुक में भी शामिल किया गया है। मध्य प्रदेश प्रेस क्लब के वरिष्ठ संपादक, लेखक और अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी भी इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। इसी प्रकार, प्राइड ऑफ गोवा खंड में कई लोगों को सम्मानित किया गया, जिनमें वायरल पांडे को गोवा के सर्वश्रेष्ठ जूनियर अभिनेता, केविन डी मेलो को 2026 के सर्वश्रेष्ठ गोवा फिल्म अभिनेता, शम्मूल्ला सैयद को 2026 के सर्वश्रेष्ठ छायाकार और सैयद नसीरुद्दीन को 2026 के सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफर के रूप में सम्मानित किया गया। राहिला खान इस कार्यक्रम की सह-समन्वय भागीदार थीं। कार्यक्रम में उनका सहयोग अतुलनीय था। मिस समुरिधि ने कार्यक्रम का संचालन किया। शोथीम प्रोडक्शन की निदेशक सिया मैडम, मोहम्मद इरफान, पुणे के संवाददाता सुनील शिरशत और गोवा के संवाददाता विराज कामत के सहयोग के लिए आभार। सुनील को पुणे के सर्वश्रेष्ठ संवाददाता के रूप में 2026 के प्राइड ऑफ इंडिया पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाद मंजू माहत्रे और उनकी टीम द्वारा कथक नृत्य, ऑरिया वॉलेट फर्नांडिस और उनकी टीम द्वारा गोवा के नृत्य और सुहानी द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम का सफल संचालन शोथीम और गोवा एवं महाराष्ट्र की स्वदेश न्यूज़ टीम ने किया।

# पिकअप की टक्कर से मां-बेटे समेत तीन गंभीर



लखनऊ सुपरफास्ट ब्यूरो राकेश चौधरी, बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के बरहुआ डगरा के पास शुक्रवार शाम एक अनियंत्रित पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक, उसकी मां और चार वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सोनहा थाना क्षेत्र के केवटाखोर निवासी विकास, अपनी मां प्रेमा देवी और चार वर्षीय भांजे के साथ बाइक से घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय समाजसेवियों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को निजी वाहन से तत्काल पीएचसी सलटोवा पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रेमा देवी की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को देकर जांच शुरू कर दी है।

## जैक डूहान बने हास एफ1 टीम के रिजर्व ड्राइवर, 2026 पर नजर


फॉर्मूला 1 में ड्राइवरों का सफर अक्सर उतार-चढ़ाव से भरा रहता है और ऑस्ट्रेलियाई रेसर जैक डूहान की कहानी भी इससे अलग नहीं है। पांच बार के 500बब मोटरसाइकिल वर्ल्ड चैंपियन मिक डूहान के बेटे जैक ने अब अपने करियर का नया मोड़ ले लिया है। बता दें कि जैक डूहान 2023 और 2024 में अल्पाइन टीम के रिजर्व ड्राइवर रहे थे। इसके बाद उन्हें 2024 अबू धाबी ग्रां प्री से लेकर 2025 सीजन की शुरुआती छह रेसों तक कुल सात रेसों के लिए रेस ड्राइवर के तौर पर मौका मिला था। हालांकि, इसके बाद उन्हें फिर से रिजर्व भूमिका में भेज दिया गया और फ्रैंको कोलापिंटो को टीम में शामिल किया गया। गौरतलब है कि पिछले महीने डूहान और अल्पाइन टीम के बीच आधिकारिक तौर पर रास्ते अलग हो गए थे। अब, बहरीन में होने वाली प्री-सीजन टेस्टिंग से पहले हास एफ1 टीम ने घोषणा की है कि जैक डूहान जापानी ड्राइवर र्यो हिराकावा के साथ टीम के रिजर्व ड्राइवर होंगे। मौजूद जानकारी के अनुसार, जैक डूहान ने हास से जुड़ने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनके फॉर्मूला 1 करियर को आगे बढ़ाने के लिए एक आदर्श मंच है। उन्होंने टीम को धन्यवाद देते हुए यह भी कहा कि वह 2026 की बड़ी चुनौती के लिए टीम के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्साहित हैं और जल्द ही काम शुरू करने के लिए तैयार हैं। हास एफ1 टीम के प्रिंसिपल आयाओ कोमात्सु ने भी डूहान की नियुक्ति को अहम बताया है। उनके मुताबिक, जैक का रेसिंग अनुभव और फॉर्मूला 1 में रिजर्व ड्राइवर के तौर पर काम करने का अनुभव टीम के लिए फायदेमंद रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि लगातार रेस के लिए तैयार रहना और टीम की कार्यप्रणाली को समझते हुए खुद को फिट रखना किसी भी ड्राइवर के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, जिसे डूहान बखूबी निभा सकते हैं। गौरतलब है कि हास टीम भी बाकी टीमों की तरह 2026 के कार प्रोजेक्ट पर लगातार काम कर रही है। टीम बहरीन में होने वाली पहली प्री-सीजन टेस्टिंग के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत 11 फरवरी से होनी है। ऐसे में जैक डूहान की मौजूदगी को 2026 की तैयारी के लिहाज से अहम माना जा रहा हैं।

## भारतीय निशानेबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि! अगले साल भारत में होगी एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप

भारतीय निशानेबाजी प्रेमियों के लिए एक उत्साहजनक खबर है। भारत अगले साल एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह टूर्नामेंट न केवल एशियाई देशों के शीर्ष निशानेबाजों को एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि इसमें खिलाड़ियों के पास सीधे ओलंपिक कोटा हासिल करने का सुनहरा अवसर भी होगा। भारत को यह मेजबानी मिलना देश की विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन का प्रमाण है। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है। एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफलध्पिस्टलध्शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की। एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने पत्र में कहा, ''हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफलध्पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।'' पीटीआई के पास मौजूद पत्र में कहा गया है, ''हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।'' देव को उम्मीद है कि इन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय निशानेबाज ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे खिलाड़ियों को दो ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेगा जो उन्हें अपनी धरती पर खेलने हैं और जिनमें वे अधिक से अधिक कोटा स्थान हासिल कर सकते हैं। मैं एएससी के महासचिव इंजीनियर अल ओतैबी और उनकी टीम का विश्वस्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की भारत की क्षमता पर विश्वास बनाए रखने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

# घर में खेलेंगे, पर कहलाएंगे मेहमान!

### टी20 विश्व कप में भारतीय मूल के 40 खिलाड़ी, छह जिनपर रहेंगी नजरें




**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 सिर्फ खिताब की लड़ाई नहीं, बल्कि पहचान, जड़ों और सपनों की कहानी भी है। भारतीय मूल के खिलाड़ी अपने जन्मस्थान में विदेशी जर्सी पहनकर उतरेंगे, जहां हर रन, हर विकेट और हर ओवर उनके निजी इतिहास से जुड़ा होगा। यह टूर्नामेंट विश्व क्रिकेट के वैश्वीकरण और भारतीय प्रवासियों की बढ़ती भूमिका का सबसे बड़ा उदाहरण बनेगा। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में एक दिलचस्प और भावनात्मक पहलू यह होगा कि 20 टीमों में 40 भारतीय मूल के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ये वो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कभी भारत के लिए खेलने का सपना देखा था, लेकिन कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते उन्हें दूसरे देशों का प्रतिनिधित्व करना पड़ा। अब वही खिलाड़ी विश्व कप जैसे मंच पर अपनी पहचान बना रहे हैं, बस जर्सी अलग है। कनाडा और अमेरिका सबसे आगे इस सूची में कनाडा सबसे ऊपर है, जहां 11 भारतीय मूल के खिलाड़ी शामिल हैं। इसके बाद अमेरिका (9), जबकि ओमान और यूएई में सात-सात खिलाड़ी हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इटली और नीदरलैंड्स की टीमों में भी भारतीय जड़ें रखने वाले खिलाड़ी नजर आएंगे। शौकिया क्रिकेट से विश्व मंच तक अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल, जो गुजरात अंडर-19 के लिए खेल चुके हैं, इस बदलाव की सबसे बड़ी मिसाल हैं। उन्होंने कहा, श्यह हमारे कई खिलाड़ियों के लिए सपना पूरा होने जैसा है। भारत में अमेरिका के लिए खेलना अलग अनुभव है, लेकिन यह फैसला मेरे लिए सही साबित हुआ।श् वहीं, इटली की ओर से खेलने वाले जसप्रीत सिंह, जो फगवाड़ा में जन्मे हैं, ने कभी अंतरराष्ट्रीय मैदानों पर खेलने का सपना देखा था। कभी जीवन यापन के लिए उबर चलाने वाले जसप्रीत आज विश्व कप में खेल रहे हैं, वह भी भारत में। अमेरिका के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर जैसे कई खिलाड़ी आज भी प्रोफेशनल नौकरी करते हैं। नेत्रवलकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और छुट्टियां लेकर क्रिकेट खेलते रहे हैं। उन्होंने पिछले विश्व कप में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों को आउट किया था। कोच की नजर से हकीकत ओमान के डिप्टी कोच सुलक्षण कुलकर्णी का मानना है, श्जब खिलाड़ियों को समझ आता है कि भारत में मौका मिलना कितना मुश्किल है, तो वे बाहर के विकल्प तलाशते हैं। अब यह समझ और जल्दी आ रही है।श् टी20 वर्ल्ड कप 2026 सिर्फ ट्रॉफी की लड़ाई नहीं, बल्कि उन भारतीय मूल के खिलाड़ियों के सपनों का मंच है, जिन्हें भारत में मौका नहीं मिला। विदेशी टीमों के रंग में रंगे ये खिलाड़ी विश्व क्रिकेट के बदलते स्वरूप और भारतीय क्रिकेट की गहराई, दोनों की कहानी कहते हैं। मेजबान भारत जहां खिताब बचाने उतरेगा, वहीं कई टीमें भारतीय मूल के खिलाड़ियों के दम पर इतिहास रचने की कोशिश करेंगी। आइए उन छह भारतीय मूल के खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं, जिन पर सबसे ज्यादा नजरें होंगी- सौरभ नेत्रवलकररू गोल चक्कर में घूमी जिंदगी मुंबई में जन्मे सौरभ नेत्रवलकर के लिए सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ उतरना एक असाधारण क्षण होगा। भारत के लिए अंडर-19 खेलने के बाद अमेरिका चले गए नेत्रवलकर ने कभी नहीं सोचा था

# पहचान की ओर एक साहसी कदम

### पूर्व भारतीय कोच की संतान अनाया बांगड़ कराएंगी जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी, परिवार भी साथ



**मुंबई।** अनाया बांगड़ का जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी का फैसला सिर्फ एक निजी कदम नहीं, बल्कि समाज में स्वीकार्यता और संवेदनशीलता की दिशा में एक मजबूत संदेश है। परिवार का समर्थन, खासकर पिता संजय बांगड़ का साथ, इस कहानी को और प्रेरक बनाता है। भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ की संतान अनाया बांगड़ मार्च में जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी कराने जा रही हैं। अनाया न सिर्फ एक क्रिकेटर हैं, बल्कि ट्रांसजेंडर अधिकारों की मुखर समर्थक भी हैं। उन्होंने खुलकर अपनी पहचान और जीवन की इस अहम यात्रा को साझा किया है। परिवार का साथ बना सबसे बड़ी ताकत अनाया के मुताबिक, उनके छोटे भाई अथर्व बांगड़ हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं। अब उनके माता-पिता ने भी उन्हें पूरी तरह स्वीकार कर लिया है। खास बात यह है कि अनाया की सर्जरी का पूरा खर्च उनके पिता संजय बांगड़ उठाएंगे, जो उनके जीवन का सबसे भावनात्मक और मजबूत सहारा बनकर सामने आए हैं। मार्च में थाईलैंड में होगी सर्जरी अनाया ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि वह मार्च में थाईलैंड में जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी (वैजिनोप्लास्टी) कराएंगी। उन्होंने कहा, श्मैं मार्च में जेंडर-अफर्मिंग सर्जरी कराने जा रही हूं। फैशन डिजाइनर सायशा शिंदे और अभिनेत्री त्रनेत्रा हलदर गुम्मराजू ने मेरा मार्गदर्शन किया। सर्जरी के बाद मुझे कम से कम एक महीने तक वहीं रहना होगा और करीब छह महीने तक क्रिकेट नहीं खेल पाऊंगी, लेकिन मुझे खुशी है कि आखिरकार यह होने जा रहा है।श् पांच साल का इंतजार और लंबा आत्म-संघर्ष अनाया ने स्वीकार किया कि यह फैसला अचानक नहीं लिया गया। उन्होंने कहा, श्मैंने इस पल का पांच साल तक इंतजार किया है। यही मैं हूं। मैंने कभी खुद को उस जेंडर से जुड़ा महसूस नहीं किया, जिसमें मेरा जन्म हुआ। यह निर्णय वर्षों की थेरेपी, मेडिकल जांच और आत्ममंथन के बाद लिया गया है।श् पहले अस्वीकार, अब स्वीकार अनाया ने पहले बताया था कि एक समय उनके पिता ने उनसे कहा था कि क्रिकेट में उनका भविष्य नहीं है। हालांकि समय के साथ हालात बदले। उन्होंने कहा, श्जब मेरे माता-पिता ने देखा कि लोग मेरा सम्मान कर रहे हैं और मेरा साथ दे रहे हैं, तब उन्हें समझ आया कि यह कोई दौर नहीं है। अब मेरे पिता मेरी सर्जरी का पूरा खर्च उठा रहे हैं।श् समाज के लिए एक मजबूत संदेश अनाया का मानना है कि उनके परिवार का समर्थन कई अन्य ट्रांस महिलाओं के लिए उम्मीद की किरण बन सकता है। उन्होंने कहा, श्भारत जैसे देश में, जहां जेंडर पहचान पर बातचीत आज भी मुश्किल है, मेरे माता-पिता का साथ मेरे लिए सब कुछ है।श

## भारत के पैसों पर पलता पाकिस्तान क्रिकेट!

**लाहौर।** भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार का फैसला भले ही सियासी दिखावे के लिए लिया गया हो, लेकिन सच्चाई यही है कि पाकिस्तान क्रिकेट की आर्थिक रीढ़ भारत से जुड़ी हुई है। रमीज राजा का पुराना बयान आज पाकिस्तान के लिए चेतावनी बन गया है। सियासत से तालियां मिल सकती हैं, लेकिन अगर भारत से क्रिकेट टूट गया, तो पाकिस्तान क्रिकेट का ढांचा हिल सकता है। भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार को लेकर पाकिस्तान में मचा सियासी और क्रिकेटीय घमासान अब और गहरा हो गया है। खुद पाकिस्तान में ही इसको लेकर दो गुट बन गए हैं। जहां कुछ मैच न खेलने को सही ठहरा रहा हैं, वहीं पाकिस्तान के ज्यादातर पूर्व क्रिकेटर्स इस फैसले को नासमझी भरा फैसला बता रहे हैं। इस विवाद के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (च्ब्ठ) के पूर्व चेयरमैन रमीज राजा का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर फिर से वायरल हो गया है, जिसने पाकिस्तान क्रिकेट की असल हकीकत सबके सामने रख दी है। रमीज राजा का चौंकाने वाला खुलासा वायरल वीडियो में रमीज राजा साफ तौर पर पाकिस्तान क्रिकेट की आर्थिक निर्भरता पर बात करते नजर आते हैं। उन्होंने कहा, श्मैं यह समझता हूं, और सबसे डरावनी बात जो मैं आप सबके साथ साझा कर रहा हूं और जो मैं क्रिकेट बोर्ड से भी कह चुका हूं, वो यह है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की करीब 50 प्रतिशत फंडिंग आईसीसी से आती है। आईसीसी टूर्नामेंट आयोजित करके कमाई करता है और उसे अपने सदस्य बोर्डों में बांटता है। और आईसीसी की इस फंडिंग का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा भारतीय बाजार से आता है। इसलिए एक तरह से भारतीय बिजनेस हाउस पाकिस्तान क्रिकेट चला रहे हैं। और अगर कल भारत के प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को फंड न देने का फैसला कर लिया, तो हमारा क्रिकेट बोर्ड भी ढह सकता है।श् यह बयान आज के हालात में पाकिस्तान के लिए सबसे असहज सच बनकर सामने आया है। टी20 वर्ल्ड कप बहिष्कार और बढ़ता खतरा पाकिस्तान सरकार के निर्देश पर पीसीबी ने 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बहिष्कार का फैसला लिया। हालांकि अब तक आईसीसी को इस फैसले का कोई ठोस कारण आधिकारिक तौर पर नहीं बताया गया है।

# अर्थ जगत

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता, कृषि व डेयरी क्षेत्र के हितों से समझौता नहीं करने के क्या है मायने?

**नई दिल्ली।** भारत में कृषि सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवनशैली का हिस्सा है, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका देती है। विकसित देशों की बड़ी कंपनियां भारतीय बाजार में सस्ते अनाज पहुंचाकर किसानों की आय पर असर डाल सकती हैं। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप कृषि निर्यात के लिए भारत को अहम बाजार मानते हैं। भारत में कृषि सिर्फ आर्थिक गतिविधि नहीं बल्कि जीवनशैली है व घरेलू अर्थव्यवस्था के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र है। कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी गतिविधियों देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देती है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में कृषि जहां अत्यधिक मशीनीकरण और कॉरपोरेट आधारित है, वहीं भारत में यह जीवनयापन एवं आजीविका का सवाल है। वैश्विक खाद्य व्यापार का 90 फीसदी से अधिक हिस्सा करीब पांच बहुराष्ट्रीय कंपनियों के नियंत्रण में है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से आक्रामक मूल्य निर्धारण रणनीतियों का इस्तेमाल किया है। अपने किसानों को भारी सब्सिडी देने वाले विकसित देशों की इन कंपनियों को भारत अगर कृषि आयात शुल्क में छूट देता है, तो देश में सस्ते अनाज और उत्पादों की बाढ़ आ सकती है। इससे भारतीय किसानों की आय और आजीविका पर गंभीर असर पड़ेगा। ज्यादा बाजार चाहते हैं विकसित देश भारत अनाज उत्पादन में काफी हद तक आत्मनिर्भर है, जबकि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ जैसे देशों के लिए कृषि एक बड़ा व्यापारिक उद्योग है। बड़े पैमाने पर मशीनी खेती एवं भारी सरकारी सब्सिडी से अमेरिका और अन्य विकसित देश भारत को अपने निर्यात विस्तार के लिए आकर्षक बाजार मानते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में अमेरिका का कृषि निर्यात 176 अरब डॉलर का रहा, जो उसके कुल वस्तु निर्यात का करीब 10 फीसदी है। इसलिए, संवेदनशील क्षेत्र है कृषि देश की 50 फीसदी से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। इसलिए, भारत पूरे कृषि क्षेत्र को संवेदनशील मानता है। विशेष रूप से मुख्य फसलों, दूध और प्रमुख कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क ग्रामीण आजीविका के लिए बेहद अहम हैं। उच्च शुल्क से मिलता है संरक्षण भारत का कृषि क्षेत्र फिलहाल मध्यम से ऊंचे शुल्क या आयात शुल्क और नियमों के जरिये संरक्षित है, ताकि घरेलू किसानों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाया जा सके।

# क्या है नया एआई टूल जिसने आईटी सेक्टर में मचाई खलबली? एक दिन में लाखों करोड़ डूबे, जानें क्या हुआ

**नई दिल्ली।** मंगलवार-बुधवार के बीच ऐसा क्या हुआ कि दुनियाभर में शेयर बाजारों में आईटी सेक्टर भारी नुकसान में रहे? जिस एआई टूल की बात हो रही है, वह क्या है? इसमें ऐसा क्या खास है? इस एआई टूल का क्या असर हो सकता है? आइये जानते हैं... भारत में शेयर बाजार बुधवार (4 फरवरी) को सकारात्मक स्तर पर बंद हुआ।

हालांकि, आईटी सेक्टर के अधिकतर शेयर्स निचले स्तर पर बंद हुए। जिन कंपनियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, उनमें इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस), एचसीएल और टेक महिंद्रा जैसी कंपनियां शामिल रहीं। इन कंपनियों के शेयर में करीब पांच फीसदी से 10 फीसदी तक की गिरावट आई। यूं तो अमेरिका से व्यापार समझौते के बाद सेवा क्षेत्र को छूट मिलने की वजह से मंगलवार को इनमें से अधिकतर कंपनियों के शेयरों में उछाल देखा गया, लेकिन बुधवार को सूरत बदली नजर आई और शेयर बाजार में टेक सेक्टर के स्टॉक गिरते नजर आए। यह स्थिति सिर्फ भारतीय शेयर बाजार में ही नहीं रही, बल्कि अमेरिकी शेयर बाजारों के शेयर्स सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। इस गिरावट की वजह एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल को बताया जा रहा है। आइये जानते हैं कि मंगलवार-बुधवार के बीच ऐसा क्या हुआ कि दुनियाभर में शेयर बाजारों में आईटी सेक्टर भारी नुकसान में रहे? जिस एआई टूल की बात हो रही है, वह क्या है? इसमें ऐसा क्या खास है? इस एआई टूल का क्या असर हो सकता है? क्या है वह एआई टूल, जिसने आईटी सेक्टर में मचाई खलबली? अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक (।दजीतवचपब) जो कि अब तक ओपनएआई के चौटजीपीटी और गूगल के जेमिनी के सामने चर्चा तक में नहीं थी, वह लंबे समय से अपने- क्लॉड चौटबॉट के जरिए एआई पर काम कर रहा था। इसी साल जनवरी में कंपनी ने अपना एक कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) टूल- क्लॉड को-वर्क लॉन्च किया, जो कि क्लॉड चौटबॉट के साथ जुड़ा है। यह एक एजेंटिक एआई असिस्टेंट है, जो कि मुख्यतः गैर-तकनीकी पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया है। यह एआई असिस्टेंट आम लोगों के लिए फाइलों को पढ़ने, दस्तावेज ड्राफ्ट करने और कई चरणों वाले जटिल कार्यों को पूरा करने में सक्षम है। क्लॉड को-वर्क, क्लॉड चौटबॉट के साथ जुड़कर इसे कुछ खासियतें दे देता है।

इनमें सबसे अहम खासियत है प्लग-इन्स का जोड़ने की सुविधा। एंथ्रोपिक ने 30 जनवरी, 2026 (शुक्रवार) को इसके लिए 11 ओपन-सोर्स प्लग-इन्स जारी किए। सीधे शब्दों में समझें तो एंथ्रोपिक ने अपने एआई में बदलाव के लिए यूजर्स को ही खुली छूट दे दी। वे एआई में अपनी जरूरत के हिसाब से कुछ नए कौशल, अहम जानकारियां, कमांड्स या सब-एजेंट्स जोड़ सकते हैं, जिससे क्लॉड आपकी भूमिका, टीम या कंपनी के लिए विशेषज्ञ की तरह काम करता है। इसे एक उदाहरण से समझें... यह प्लग-इन खास तौर पर कानूनी कामों के लिए है। इससे एआई कॉन्ट्रैक्ट्स की समीक्षा, नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट की जांच, और कानूनी ब्रीफिंग तैयार करने जैसे काम मिनटों में कर सकता है। क्लॉड को-वर्क 10 और प्लग-इन्स के जरिए लोग सेल्स, मार्केटिंग, फाइनेंस, डाटा विश्लेषण, कस्टमर सर्विस और जीव विज्ञान अनुसंधान भी कर सकते हैं। एजेंटिक क्षमताओं की वजह से यह सिर्फ जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि काम की योजना बना सकता है, उन्हें प्रकाशित और उनकी समीक्षा भी कर सकता है। यह चौटजीपीटी और बाकी एआई टूल्स से अलग कैसे? एंथ्रोपिक का यह टूल एआई जगत में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है, जिसे विश्लेषकों ने ैंचवबंसलचेम का नाम दिया है।

## सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ावा जारी, सोने की कीमत 1.50 लाख के पार, चांदी 17000 सस्ती

**नई दिल्ली।** आज सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। दोपहर 1 बजे तक सोने के दाम बढ़कर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। वहीं चांदी 17000 रुपये सस्ती हो गई। पिछले कुछ दिनों से सोने-चांदी की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव जारी है। अमेरिका और भारत की व्यापार समझौते के बाद 3 फरवरी को सोना और चांदी के भावों में आई बढ़ोतरी के बाद अब आज गुरुवार (05 फरवरी) को कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रही है। आज गुरुवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की जा रही है। एक झटके में चांदी जहां करीब 25000 रुपए प्रति किलो टूटी है तो सोने के भाव भी प्रति दस ग्राम 1800 रुपए सस्ता हुआ है। 4 फरवरी को क्या थे भाव? सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन यानी 4 फरवरी को तेज उछाल आया था। चांदी करीब 2.98 लाख रुपये प्रति किलो और सोना 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचा। सर्राफा कारोबारियों के अनुसार चांदी की कीमत 14,300 रुपये उछलकर 2,98,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पहले पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 7,400 रुपये चढ़कर 1,65,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचा। एक दिन पहले इसका बंद भाव 1,57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। दोनों धातुओं में यह उछाल टैक्स सहित कीमतों में दर्ज किया गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी सोना-चांदी की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े भू-राजनीतिक तनाव के चलते सुरक्षित निवेश (सेफ-हेवन) की मांग बढ़ने से पीली धातु में जोरदार उछाल आया। स्पॉट गोल्ड 2.8ः की तेजी के साथ 5,076.01 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। इससे एक दिन पहले सोने में 5.9ः की छलांग लगी थी, जो नवंबर 2008 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी बढ़त रही। पिछले गुरुवार को सोना रिकॉर्ड ऊंचाई 5,594.82 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचा था। वहीं, अप्रैल डिलीवरी के लिए अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 3.3ः चढ़कर 5,097.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करते दिखे।

# मीडिया से टेक तक दुनियाभर में महाकटौती का दौर, कंपनियां क्यों घटा रही है अपना कार्यबल?

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में नौकरियों पर संकट गहराता जा रहा है। मीडिया से लेकर टेक सेक्टर तक बड़े पैमाने पर छंटनी हो रही है। आइए जानते हैं कि 2025 में कितनी नौकरियां गई और 2026 की शुरुआत में इस साल अब तक कितनी छंटनी हो चुकी है, साथ ही इसके पीछे की बड़ी वजहें क्या हैं? दुनिया भर में नौकरियों पर संकट गहराता जा रहा है। मीडिया संस्थानों से लेकर वैश्विक टेक कंपनियों तक, हर सेक्टर में बड़े पैमाने पर छंटनी हो रही है। जहां एक ओर प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने अपने न्यूजरूम और अंतरराष्ट्रीय टीम में भारी कटौती की है। वहीं दूसरी ओर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (।प्) और लागत नियंत्रण के नाम पर टेक इंडस्ट्री में भी लाखों नौकरियां खत्म की जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय टीम पर सबसे गहरा असर छंटनी का सबसे बड़ा प्रभाव वॉशिंगटन पोस्ट की अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग टीम पर पड़ा है। पश्चिम एशिया की पूरी टीम को हटा दिया गया है, जबकि दिल्ली, बीजिंग, कीव, लैटिन अमेरिका और बर्लिन जैसे अहम अंतरराष्ट्रीय ब्यूरो या तो बंद कर दिए गए हैं या उन्हें बेहद सीमित कर दिया गया है। यरुशलम ब्यूरो प्रमुख गेरी शिह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सात वर्षों तक दुनिया भर में रिपोर्टिंग करना उनके जीवन का खास अनुभव रहा। उन्होंने लिखा कि आज का दिन दुखद है, लेकिन हमने सच्ची पत्रकारिता की। टेक सेक्टर में भी रिकॉर्ड स्तर पर नौकरियां गई 2025 में दुनिया की प्रमुख तकनीकी कंपनियों ने कुल मिलाकर 1.2 लाख से अधिक नौकरियां खत्म कर दीं। यह कटौती किसी एक देश या सेक्टर तक सीमित नहीं रही, बल्कि चिप निर्माण, आईटी सर्विसेज, टेलीकॉम, क्लाउड और सॉफ्टवेयर हर क्षेत्र में देखने को मिली। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसकी बड़ी वजह लागत नियंत्रण, कारोबारी पुनर्गठन और एआई पर तेजी से बढ़ता फोकस है, जो मानव श्रम की जगह ऑटोमेशन को बढ़ावा दे रहा है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी इंटेल ने 2025 में सबसे बड़ी छंटनी की। कंपनी ने करीब 24,000 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया। यह कदम वित्तीय स्थिति को स्थिर करने और खुद को एक फाउंड्री-केंद्रित बिजनेस मॉडल में बदलने की रणनीति का हिस्सा बताया गया। बढ़ती प्रतिस्पर्धा और भारी निवेश लागत ने कंपनी पर दबाव बढ़ा था। भारत की सबसे बड़ी आईटी सर्विस कंपनी टीसीएस ने लगभग 20,000 कर्मचारियों की छंटनी की। कंपनी ने इसे कौशल असंतुलन और एआई आधारित डिलीवरी मॉडल को अपनाने से जोड़ा। ऑटोमेशन और जनरेटिव एआई के बढ़ते इस्तेमाल से पारंपरिक आईटी भूमिकाओं की मांग में कमी आई है। अमेरिकी टेलीकॉम कंपनी वेरिजोन ने लागत घटाने और परिचालन ढांचे को सरल बनाने के लिए करीब 15,000 पदों में कटौती की। कंपनी 5ळ नेटवर्क और डिजिटल सेवाओं पर निवेश बढ़ा रही है, जिसके चलते पुराने ऑपरेशनल रोल्स कम किए गए। कंसल्टिंग और आईटी सेवाओं की वैश्विक दिग्गज एक्सेंचर ने लगभग 11,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला। कंपनी का कहना है कि क्लाइंट्स की मांग अब पारंपरिक कंसल्टिंग से हटकर जनरेटिव ।प् और ऑटोमेशन प्रोजेक्ट्स की ओर बढ़ रही है, जिसके चलते वर्कफोर्स स्ट्रक्चर में बदलाव जरूरी हो गया। जर्मनी की सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी ने 10,000 नौकरियों में कटौती की घोषणा की। कंपनी क्लाउड कंप्यूटिंग और बिजनेस एआई पर फोकस कर रही है और इसी रणनीतिक बदलाव के तहत संसाधनों का पुनर्विन्यास किया जा रहा है। माइक्रोसॉफ्ट ने गेमिंग, ।रतम क्लाउड और अन्य डिवीजनों में करीब 9,000 पद घटाए। कंपनी का जोर लंबी अवधि के एआई इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश पर है, जिसके चलते कुछ टीमों का आकार घटाया गया। जापान की बहुराष्ट्रीय कंपनी तोशिबा ने निजीकरण के बाद अपने पुनर्गठन अभियान के तहत 5,000 कर्मचारियों की छंटनी की।

## एअर इंडिया ने बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच हुई पूरी, दावा- कोई खामी नहीं

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने अपने सभी ऑपरेशनल बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की एहतियाती जांच पूरी कर ली है, जिसमें कोई तकनीकी खामी नहीं पाई गई। यह जांच लंदन-बंगलूरू उड़ान के दौरान एक पायलट द्वारा स्विच में खराबी की रिपोर्ट के बाद की गई थी। एअर इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपने परिचालन में शामिल बोइंग 787 (ड्रीमलाइनर) विमानों में फ्यूल कंट्रोल स्विच की एहतियाती जांच पूरी कर ली है और जांच के दौरान किसी तरह की तकनीकी खामी नहीं पाई गई। यह जांच रविवार को लंदन हीथ्रो से बंगलूरू जाने वाली एक उड़ान में फ्यूल कंट्रोल स्विच के खराब होने की घटना के बाद की गई थी। एहतियातन एयरलाइन ने पूरे 787 बेड़े की जांच कराई। वर्तमान में एयर इंडिया के पास कुल 33 बोइंग 787 विमान हैं, जिनमें से 28 विमान परिचालन में हैं। एयरलाइन ने कहा कि सभी ऑपरेशनल विमानों की जांच के बाद उड़ान सुरक्षा को लेकर कोई चिंता सामने नहीं आई है। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि यह जांच एक पायलट द्वारा दर्ज की गई ऑब्जर्वेशन के बाद अतिरिक्त सतर्कता के तहत की गई। एयरलाइन ने यह भी कहा कि वह नियामक संस्था द्वारा की गई स्वतंत्र जांच और उसके बाद एफसीएस को क्लियर किए जाने की सराहना करती है। क्या था मामला? सोमवार को एअर इंडिया के एक पायलट ने लंदन हीथ्रो से बंगलूरू की उड़ान संचालित करने के बाद बोइंग 787-8 विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में खराबी की रिपोर्ट दी थी। इसके बाद विमान को जांच के लिए ग्राउंड कर दिया गया। संबंधित उड़ान में 200 से अधिक यात्री सवार थे, जो सोमवार सुबह बंगलूरू में उतरी। एअर इंडिया ने यह भी कहा कि वह नियामक के निर्देशों के अनुसार एफसीएस के संचालन से जुड़ी ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) द्वारा सुझाई गई प्रक्रियाओं को सभी क्रू सदस्यों तक पहुंचाएगी और उनका सख्ती से पालन सुनिश्चित करेगी। क्या थी फ्यूल कंट्रोल स्विच की दिक्कत? डीजीसीए के मुताबिक 1 फरवरी को लंदन हीथ्रो एयरपोर्ट पर इंजन स्टार्ट करते समय बाएं इंजन का फ्यूल कंट्रोल स्विच दो बार रन पोजिशन में ठीक से लॉक नहीं हुआ। तीसरी कोशिश में स्विच सही तरह से लॉक हो गया।